


# सब का सपना

निष्पक्ष व निडर- हिंदी दैनिक समाचार पत्र





स्मृति मंधाना वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में फिर शीर्ष पर पहुंची..... -पेज: 7

बॉलीवुड की दुनिया में कदम रखते ही छा गई दिशा पाटनी... -पेज: 8



वर्ष: 01 | अंक: 70 | बुधवार 18 जून 2025 | अमरोहा (उत्तर प्रदेश) | www.sabkasapna.com | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 4 रुपए


## अमित शाह का राज्यों से आपदा प्रबंधन योजनाएं बनाने का आह्वान, कहा- हीट वेव से निपटने के लिए बने एक्शन प्लान

**नई दिल्ली (एजेंसी):** सभी राज्यों के राहत आयुक्तों से 90 दिन में अपने राज्य के हर जिले की आपदा प्रबंधन योजना बनाने का आह्वान करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि हीट वेव से निपटने के लिए एक एक्शन प्लान बने, जिसका टाइमटेबल हीट के अनुभव के आधार पर बनाया जाए। पर्यावरण संरक्षण के बिना शत-प्रतिशत आपदा से बचना असंभव है। अगर हम पर्यावरण की चिंता नहीं करेंगे तो आपदाओं को रोक नहीं पाएंगे। उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ और एनडीएमए द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के कारण भारत आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में ग्लोबल लीडर बन गया है। हमारी अप्रोच में आया परिवर्तन अमित शाह ने कहा कि आपदा प्रबंधन को लेकर हमारी अप्रोच में बहुत बड़ा परिवर्तन आया है। पहले राहत-केंद्रित अप्रोच होती थी, लेकिन आज हमने जीरो कैजुअल्टी को सफलता के साथ प्राप्त कर लिया है। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राहत आयुक्तों और आपदा


**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सभी राज्यों के राहत आयुक्तों से 90 दिनों में आपदा प्रबंधन योजना बनाने का आग्रह किया है। उन्होंने हीट वेव से निपटने के लिए एक्शन प्लान बनाने पर जोर दिया। अमित शाह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के बिना आपदाओं से पूरी तरह बचना असंभव है।**



प्रतिक्रिया बलों के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि आने वाले समय की आपदाओं की संभावनाओं को भांपकर एडवांस में ही उसके लिए रिसर्च करना, दुनियाभर में इस क्षेत्र में मौजूद अलग-अलग विचारों को संकलित करना और अपने देश की भौगोलिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए देश के अनुकूल बनाकर इसे लागू करना बहुत महत्वपूर्ण है। बताया 10 सालों का प्लान उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने आपदा के प्रति प्रयासों को रिएक्टिव की जगह प्रोएक्टिव बनाया है और जनभागीदारी को बढ़ाया है। आने वाले 10 साल में देश का हर युवा मदद की भावना के साथ आपदाओं से लड़ने के लिए तैयार होगा। इस अवसर पर शाह ने देश की आपदा प्रबंधन एजेंसियों की गति और सटीकता में सुधार के लिए तीन प्रमुख तकनीकी प्लेटफार्म- आपातकालीन प्रतिक्रिया के लिए एकीकृत नियंत्रण कक्ष (ICR-ER), आपातकालीन प्रबंधन लाइट 2.0 के लिए राष्ट्रीय डाटाबेस (एनडीईएम लाइट 2.0) और असम के बाढ़ खतरा क्षेत्रीयकरण एटलस भी लांच किए।उन्होंने कहा कि जब भी भारत के डिजास्टर रिस्पांस का इतिहास लिखा जाएगा, तो मोदी सरकार के ये 10 वर्ष परिवर्तनकारी दशक के रूप में दर्ज किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 10 साल में क्षमता, गति, दक्षता और सटीकता के चारों क्षेत्रों में बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। अमित शाह ने क्या कहा? उन्होंने कहा कि हमने न सिर्फ क्षमता को बढ़ाया, बल्कि उसे संवर्धित कर तहसील तक पहुंचाने का काम किया। शाह ने कहा कि हमने गति का भी ध्यान रखा है क्योंकि समय पर आपदा से लोगों को बचाना सबसे महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि हमने आधुनिक तकनीक और समर्पित स्वभाव वाले अपने आपदा मोचन बल के कारण दक्षता में भी वृद्धि की है और सटीकता के

## झरझर बहने लगे आंसू, फोटो के सामने जोड़े हाथ...पायलट सुमित सभरवाल की आखिरी विदाई में छलका पिता का दर्द

**मुंबई।** एअर इंडिया फ्लाइट क्रैश के बाद विमान के पायलट कैप्टन सुमित सभरवाल का पार्थिव शरीर मंगलवार को मुंबई लाया गया। एक अधिकारी ने बताया कि कैप्टन सभरवाल का पार्थिव शरीर सुबह विमान से मुंबई एयरपोर्ट पहुंचा फिर उनके परिवार के सदस्य शव को पवई के जलवायु विहार स्थित उनके आवास पर ले गए। उन्होंने बताया कि पार्थिव शरीर को एक घंटे तक सभरवाल के घर पर रखा जाएगा, ताकि लोग उन्हें श्रद्धांजलि दे सकें और बाद में उनका अंतिम संस्कार चकला विद्युत शवदाह गृह में किया जाएगा। 8200 घंटे का था फ्लाइट एक्सपीरिएंस सभरवाल मुंबई में अपने बुजुर्ग माता-पिता के साथ रहते थे। वह 242 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को लेकर लंदन जा रहे थे। इस दौरान ही एयर इंडिया का विमान अक-171 12 जून को अहमदाबाद टेक ऑफ के कुछ पल बाद ही क्रैश



हो गया था। इस फ्लाइट की कमान कैप्टन सुमीत सभरवाल के पास ही थी। उनके साथ फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर भी थे। कैप्टन सुमीत सभरवाल के पास 8,200 घंटे का फ्लाइट एक्सपीरिएंस था, जबकि फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव के पास 1,100 घंटे का तुजुर्बा था। अंतिम विदाई में पिता के छलक पड़े आंसू जब कैप्टन सुमित का शव उनके घर पहुंचा तो उनके पिता के आंखों से झरझर आंसू बहने लगे हैं। उनके पिता के अपने बेटे के लिए अंतहीन राह देख रहे हैं।

## हरियाणा को जल्द ही मिलने वाली है ये सौगात, सीएम नायब सैनी ने की बड़ी घोषणा

**चंडीगढ़ (एजेंसी):** हरियाणा के सीएम नायब सैनी ने कहा कि प्रदेश में साल 2026 तक 450 ई-बसें खरीदी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अमृत मिशन के तहत अब तक 2 हजार 930 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। 375 इलेक्ट्रिक बसें चलाने के लक्ष्य में से 50 का संचालन 9 शहरों में शुरू हो चुका है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत 21 हजार 431 घरों का निर्माण किया गया है और 11 हजार 412 घरों का निर्माण चल रहा है। मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत 14 शहरों में 15 हजार 256 परिवारों को प्लॉट आवंटित किए गए हैं। सीएम नायब सैनी गत दिवस पंचकूला में




अखिल भारतीय महापौर कार्यकारी परिषद की 115वीं बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रथम नागरिक के रूप में महापौर शहरों के विकास और प्रगति को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि हरियाणा में शहरी स्थानीय निकायों को आवंटित बजट 2014-15 में 1,693 करोड़ रुपए से बढ़कर 2025-26 में 5 हजार 666 करोड़ रुपए हो गया है। चार महानगर विकास प्राधिकरण स्थापित किए गए हैं और फरीदाबाद और करनाल जैसे शहरों को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस पहल के तहत फरीदाबाद में 930 करोड़ रुपए की 45 परियोजनाएं चल रही हैं, जबकि करनाल में 927 करोड़ रुपए की 122 परियोजनाएं चल रही हैं। मुख्यमंत्री ने स्वच्छता रैंकिंग में इंदौर के प्रदर्शन की प्रशंसा की और महापौरों और पार्षदों को हरियाणा के शहरों में क्रियान्वयन के लिए इसके मॉडल का अध्ययन करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन और शौचालय निर्माण जैसी योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू करने में महापौरों की भूमिका की सराहना की और कहा कि इन योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करने में महापौरों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

## जयराम रमेश बोले- मोदी सरकार में अच्छे दिन नहीं, बल्कि कर्ज वाले दिन आ गए

**नई दिल्ली (एजेंसी):** कांग्रेस ने मंगलवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में "अच्छे दिन" नहीं, बल्कि "कर्ज वाले दिन" आ गए हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने एक खबर का हवाला देते हुए सरकार पर निशाना साधा, जिसमें कहा गया है कि लोगों की बचत घट रही है और देनदारियां बढ़ रही है। रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, "देश में लोगों की बचत घट रही है, कर्ज बढ़ रहा है! इसका मतलब बड़ा स्पष्ट है कि एक तरफ महंगाई बढ़ रही है, दूसरी तरफ लोगों की आय घट रही है। नतीजतन लोग अपना गुजारा करने के लिए या तो पहले से की गई बचत को निकलवा रहे हैं या कर्ज लेकर गुजर-



बसर करने पर मजबूर हैं।" उनके अनुसार, कुल मिला कर बात यह है कि भारत में आम लोगों की आर्थिक स्थिति बेहद चिंताजनक है, लेकिन मोदी सरकार बिलकुल बेपरवाह है। रमेश ने दावा किया , "स्पष्ट बात है कि मोदी सरकार ने जो अच्छे दिन लाने का वादा किया था, उन अच्छे दिन के बजाय कर्ज वाले दिन आ गए हैं।" कर्नाटक के हुबली शहर में एक मां को अपने बेटे को गर्म लोहे की छड़ से जलाने के आरोप में पुलिस ने हिरासत में लिया है। महिला ने कथित रूप से बेटे के "शरारती" व्यवहार से नाराज होकर यह क्रूर सजा दी। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अनुषा हुलिमारा को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है और जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि यह घटना सोमवार को पुराने हुबली के टीपू नगर में हुई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, अनुशा अपने बेटे के व्यवहार से गुस्से में आ गई और उसने गर्म लोहे की छड़ से बच्चे के हाथ, पैर और गर्दन को जला दिया। बच्चे की चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और बच्चे को उसकी मां से बचाया।

## पिछली सरकार के समय सरकारी नौकरियों की होती थी नीलामी, सपा पर सीएम योगी का आरोप

**लखनऊ (एजेंसी):** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य में सरकारी नौकरियों की भर्ती प्रक्रिया में पूरी तरह से बदलाव किया गया है। उन्होंने कहा कि पिछली समाजवादी पार्टी सरकार के समय इन नौकरियों की नीलामी की जाती थी। अंबेडकर नगर में एक सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछली सरकार के समय 2017 से पहले यहां सरकारी नौकरियों की नीलामी की जाती थी। इस काम में एक परिवार की बड़ी भूमिका थी। पूरा प्रदेश इस नाटक को देख रहा था। लेकिन अब योग्यता के आधार पर युवाओं को नौकरी मिल रही है। मुख्यमंत्री ने 1,184 करोड़ रुपये की 194 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के तहत वितरित की जा रही 500 करोड़ रुपये से



अधिक की राशि से कुल 11,690 किसान परिवार लाभान्वित होंगे। इस वर्ष आपदाओं से प्रभावित सभी किसान परिवारों को यूपी सरकार की ओर से 5-5 लाख रुपये की प्रतीकात्मक सहायता मिलेगी। आज यह राशि ऐसे सभी 431 परिवारों के बैंक खातों में सीधे हस्तांतरित की जाएगी। इससे पहले रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश पुलिस के 60,244 सिविल पुलिस कांस्टेबलों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। अपने संबोधन में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि आज 60 हजार से अधिक युवा भारत के सबसे बड़े पुलिस बल का अभिन्न अंग बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस पूरे देश का सबसे बड़ा पुलिस बल है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से कानून व्यवस्था की स्थिति खराब हो रही थी।

## तेजस्वी का आरोप, मुख्यमंत्री का नियंत्रण नहीं, नीतीश सरकार में 50% मंत्री वंशवादी

**बिहार (एजेंसी):** आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई वाली बिहार सरकार पर एक बार फिर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार एनडीए नेताओं के रिश्तेदारों को प्रमुख पद दे रही है। उन्होंने एनडीए नेताओं के रिश्तेदारों को खुश करने के लिए एक अलग जमाई आयोग के गठन का सुझाव दिया। हाल ही में तेजस्वी ने मुख्यमंत्री पर कटाक्ष करते हुए आरोप लगाया था कि बिहार सरकार ने एनडीए नेताओं के दामादों को प्रमुख पद दिए हैं। उन्होंने दावा किया कि नीतीश सरकार में 50% मंत्री वंशवादी हैं। आरजेडी नेता ने नीतीश कुमार द्वारा बढ़ावा दी जा रही पारिवारिक राजनीति को उजागर करने के लिए जमाई आयोग के गठन का आह्वान किया। तेजस्वी ने पत्रकारों से बात करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को साइप्रस द्वारा दिए गए नागरिक सम्मान के बारे में बात की। उन्होंने कहा, "वे भारत के प्रधानमंत्री हैं। शायद इसीलिए उन्हें यह सम्मान मिल रहा है।




लेकिन देश की वास्तविक स्थिति के बारे में बात करें, यहां बेरोजगारी, गरीबी और बढ़ती कीमतें हैं। सरकार ने मुफ्त राशन बांटने के अलावा कुछ खास नहीं किया है। लेकिन लोगों के घरों, नौकरियों, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का क्या?" तेजस्वी ने कहा, मोदी परिवारवाद के खिलाफ बोलते रहते हैं, लेकिन उन्हें आकर देखना चाहिए कि बिहार में क्या हो रहा है। हमने पहले स्पेशल अरेंजमेंट कमीशन की मांग की थी। जमाई आयोग होना चाहिए, लेकिन अब जीजा आयोग भी होना चाहिए। इतने सारे रिश्तेदारों को पद दिए जा रहे हैं। अधिकारी अपने रिश्तेदारों को सिस्टम में एडजस्ट करने में मदद कर रहे हैं। प्रधानमंत्री इसे नजरअंदाज करते हैं। जब भी पीएम मोदी बिहार आते हैं, वे केवल हमारी आलोचना करते हैं। लेकिन वे कभी यह सवाल नहीं करते कि उनके अपने गठबंधन में क्या हो रहा है। आरएसएस का कोटा है। क्या मुख्यमंत्री हमें बता सकते हैं कि आरएसएस से कितने मंत्री हैं? उन्होंने कहा कि बिहार में चुनाव हारने वाले लोग भी मंत्री बना दिए जाते हैं। कुछ को तो कार्यकाल खत्म होने के बाद भी पद मिला। वही लोग अब हमें उपदेश दे रहे हैं। राजद नेता ने आरोप लगाया कि बिहार सरकार नियंत्रण खो चुकी है, नेता अपनी मर्जी से काम कर रहे हैं और राज्य को लूट रहे हैं। यादव ने कहा, "सब कुछ संबंधों के आधार पर हो रहा है, एक कोटे से बेटी, दूसरे से दामाद। जल्दी से जल्दी "भाईचारा आयोग" का गठन किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री का नियंत्रण नहीं है। और उनकी पार्टी के लोग इस बात से खुश हैं और जो चाहें कर रहे हैं। वे बिहार को लूट रहे हैं।"

## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बोले- भाषाओं के आधार पर विभाजन बर्दाश्त नहीं कर सकता भारत

**नई दिल्ली (एजेंसी):** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि भारत दुनिया का एक महत्वाकांक्षी राष्ट्र है और वह भाषा के मुद्दे पर विभाजन बर्दाश्त नहीं कर सकता। उन्होंने लोगों से देश के भविष्य की भलाई पर विचार करने और इस तूफान से उबारने की अपील की। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 को अक्षरशः लागू करने की जोरदार वकालत करते हुए कहा कि यह शिक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव लाएगी, जिससे देश के विकास को गति मिलेगी। धनखड़ पांडिचेरी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति भी हैं। उन्होंने किसी का नाम लिए बिना इस बात पर अफसोस जताया कि भाषाओं को लेकर विरोध हो रहा है। विश्वविद्यालय में धनखड़ ने कहा, पिछले दशक में अभूतपूर्व विकास के परिणामस्वरूप भारत दुनिया का सबसे महत्वाकांक्षी राष्ट्र है। हम भाषाओं को लेकर कैसे विभाजित हो सकते हैं? उन्होंने कहा कि दुनिया में कोई भी देश भाषाओं के मामले में भारत जितना समृद्ध नहीं है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि संस्कृत का वैश्विक महत्व है और तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, ओडिया, मराठी, पाली, प्राकृत, बंगाली और असमिया के साथ 11 शास्त्रीय भाषाएं हैं। धनखड़ ने कहा, संसद में सदस्यों को 22



भाषाओं में बोलने की अनुमति है। हमारी भाषाएं समावेशिता का संकेत देती हैं। सनातन एक ही महान उद्देश्य के लिए एकजुट होना सिखाता है। उन्होंने कहा, हमारे गंतव्य को देखें, भविष्य को ध्यान में रखें और हमें तूफान से उबरना चाहिए। एनईपी पर, उपराष्ट्रपति ने इसे नहीं लागू करने वाले राज्यों से कहा कि वे नीति को लागू करें, क्योंकि यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति महत्वपूर्ण बदलाव लाएगी। उन्होंने कहा, मैं उन राज्यों से अपील करता हूं, जिन्होंने इसे नहीं अपनाया है और जो इसे लागू कर रहे हैं, वे नीति में दी गई बातों को समझें। कार्यशालाओं के माध्यम से छात्रों को नीति के लाभ के बारे में पूरी तरह से अवगत कराएं। धनखड़ ने कहा कि एनईपी दुनिया की सबसे अच्छी नीति है, क्योंकि यह छात्रों को अपनी प्रतिभा और क्षमता का पूरा दोहन करने के अलावा कई पाठ्यक्रमों को आगे बढ़ाने और समय का अधिकतम उपयोग करने का अवसर देती है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक नेतृत्व को यह ध्यान में रखना चाहिए कि टकराव के लिए कोई जगह नहीं है और व्यवधान और अशांति वह तंत्र नहीं है जो संविधान निमार्ताओं ने हमें सिखाया है।

**उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि भारत दुनिया का एक महत्वाकांक्षी राष्ट्र है और वह भाषा के मुद्दे पर विभाजन बर्दाश्त नहीं कर सकता। उन्होंने लोगों से देश के भविष्य की भलाई पर विचार करने और इस तूफान से उबारने की अपील की।**

## संपादकीय

### सतर्कता है जरूरी

मणिपुर में सुरक्षा बलों ने पांच घाटी जिलों में छापामारी कर तीन सौ राइफलें व अन्य हथियार बरामद किए। इसके साथ ही जबरन वसूली करने वाले प्रतिबंधित संगठनों के पांच उग्रवादियों को भी गिरफ्तार किया। मणिपुर पुलिस, सीआरपीएफ, सेना व असम राइफल्स की संयुक्त टीम ने विस्फोटकों व अन्य युद्ध सामग्री बरामद की। इसमें 151 एसएलआर राइफलें, 65 इंसास राइफलें, 73 अन्य प्रकार की राइफलें, बारह हल्की मशीन गनें, पांच कार्बाइन गन, दो एमपी-5 गन, छह एके सीरीज राइफलें, दो अमोघ राइफल, एक मोर्टार, छह पिस्तौलें, दो फ्लेयर बंदूकें, दस ग्रेनेड, सात डेटोनेटर व एक एआर-15 समेत कुल 328 बंदूकें व राइफलें बरामद कीं। यह खुफिया ऑप्रेशन मणिपुर में समान्य स्थिति बहाल करने, सार्वजनिक व्यवस्था कायम करने, नागरिकों व उनकी संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयासों के लिहाज से किया गया। राज्य की पुलिस ने आम जनता से व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपील की है कि वे सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अवैध हथियारों से जुड़ी सूचना तत्काल नजदीकी पुलस स्टेशन या केंद्रीय निरीक्षण केंद्र को राज्य में सामान्य देने की अपील की है। जब्त किया गया जखीरा देख कर कहा जा सकता है कि आतंकी युद्ध की भूमिका बना रहे हैं। उनका असल मकसद कुकी व मैतई विद्रोह के बीच फायदा उठाकर राज्य में अमन-चैन तबाह करना है। राज्य की सार्वजनिक व्यवस्था सुचारू बनाने व सामान्य स्थिति बहाल करने के सरकारी प्रयास जारी हैं। लंबे अरसे से संघर्षरत राज्य में आम जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित है। बड़ी संख्या में लोग पड़ोसी राज्यों में पलायन कर चुके हैं। रोजगार व आमदनी के साधन चरमरा चुके हैं। घर, दुकान, प्रतिष्ठानों कों बहुत क्षति पहुंची है। इतनी बड़ी संख्या में हथियारों की बरामदगी आतंकियों/ उपद्रवियों के इरादों की द्योतक है। मगर सवाल यह भी है कि चाक-चौबंद सुरक्षा-व्यवस्था व मुस्तैदी के दरम्यान ये अवैध हथियार कैसे राज्य की सीमा के भीतर पहुंच रहे हैं। सीमाओं पर सख्ती के अतिरिक्त घाटी वाले इलाकों पर सतर्कता जरूरी है। राजनीति से इतर इस संघर्ष को रोकने के तत्काल प्रयास बेहद जरूरी हैं। केंद्र द्वारा की जाने वाली उपेक्षा को लेकर पूर्वोत्तर राज्य हमेशा त्योरियां चढाये रहते हैं। इस पर विचार किया जाना चाहिए। इन छोटे राज्यों के विकास और स्थानीय युवाओं को राजगार देने जैसी मूल दिक्कतों का निस्तारण करने में लापरवाही हमेशा नकारात्मक नतीजे ही देने वाली साबित होगी।

## चिंतन-मनन

### संत की उदारता

विख्यात संत एकनाथ जी 12 वर्ष की अवस्था में ही अपने गुरु जनार्दन स्वामी के पास देवगढ़ पहुंच गए थे। गुरु ने उन्हें आश्रम के हिसाब-किताब का काम सौंप दिया। एक दिन जब एकनाथ जी ने हिसाब और रोकड़ का काम किया तो एक पाई की कमी नजर आई। खूब सोचने के बाद आखिरकार उन्हें आधी रात को एक पाई का हिसाब मिल गया तो उन्होंने उसी समय अपने गुरुजी को जाकर यह बात बताई। इस पर गुरु हंसे फिर बोले- बेटा! एक पाई की भूल मिलने से तुम इतने प्रसन्न हो और इस संसार के मायाजाल जैसी महाभूल को अपनाए हुए हो। इस पर कभी सोचा है?

यह सुनते ही एकनाथ जी के भीतर वैराग्य जागा और दुनिया के कामकाज से उनका मोहभंग हो गया। उन्होंने उसी समय सब कुछ छोड़ देने का फैसला किया। वे अपने गुरु से दीक्षा लेकर पर्वत पर जाकर तपस्या करने लगे। तपस्या के बाद वे अपनी जन्मभूमि के निकट पिपलेश्वर महादेव में रहने लगे। पर थोड़े ही समय बाद वे विवाह कर गृह संन्यासी बन गए। एकनाथ जी ने गुरू के आदेश का पालन किया। विवाह के बाद उनके घर में नित्य कीर्तन होता और अन्न वितरण किया जाता। एक दिन कीर्तन में कुछ चोर आ गए। उन्होंने घर का सभी सामान समेट लिया। फिर उन्होंने देवमूर्ति के आभूषण चुराने का प्रयास किया। वहीं एकनाथ जी ध्यानमग्न बैठे थे। उन्होंने चोरों से कहा- तुम्हें इनकी बहुत अधिक आवश्यकता होगी अन्यथा इतनी रात गए भला कोई जोखिम क्यों उठाता? तुम सब मुसीबत के मारे लगते हो। चिंता मत करो। मुझसे जो मदद होगी, मैं करूंगा। यह कहते हुए उन्होंने अपनी उंगली की अंगूठी भी उतार कर उन्हें दे दी। यह देख चोर लज्जित हुए। वे एकनाथ जी के चरणों में गिर गए और उन्होंने कभी चोरी न करने का संकल्प लिया।

## चिंतन-मनन

### सच्चा मित्र संजीवनी की तरह

हम सभी के परिचित और दोस्त होते हैं। भले ही बचपन के, स्कूल, कॉलेज, ऑफिस या आस-पास कॉलोनी में रहने वाले हों, मित्र तो सभी के होते हैं। सच्चा मित्र बनना और बनाना हर इंसान की इच्छा होती है। लेकिन, सच्चे मित्र बहुत कम मिल पाते हैं। ऐसा मित्र, जिस पर हम भरोसा कर सकें, जिसके साथ अपनी हर बाते शेयर कर सकें। धर्मशास्त्रों में सच्चा मित्र उसे कहा गया है, जो सुख-दुख में साथ दे। ऐसे दोस्त से कभी भी डर नहीं लगता। ये सही रास्ते पर चलने में हमारे मददगार होते हैं। लेकिन, ऐसा दोस्त कौन है? क्या वह जो सिर्फ परिचित है? सच्ची दोस्ती प्रेम, विश्वास व भरोसा, एक-दूसरे का ख्याल रखने और चिंताओं पर ही आधारित होती है। क्या, कभी इस प्रश्न का उत्तर आपने खुद से पूछा है?

प्रिय शब्दों से मित्रों की संख्या बढ़ती है और मधुर वाणी से मैत्रीपूर्ण व्यवहार। हमारे परिचित अनेक हों, किंतु परामर्शदाता ईश्वर एक ही है। ईश्वर ही सच्चा दोस्त है, जो जीवन के हर पल में हमारी परछाई बनकर साथ रहता है। उस पर अपनी आंखें बंद कर, विश्वास व भरोसा करते हैं। जब सुखी या दुखी होते हैं, ईश्वर से प्रार्थना करते हैं और प्रार्थना के रूप में उससे बातें करते हैं। जीवन की हर बात उससे साझा करते हैं और फिर खुद को हल्का महसूस करते हैं। किसी भी कार्य की शुरूआत हम ईश्वर से आशीर्वाद लेकर ही करते हुए कहते हैं-हे मेरे मालिक, मुझ पर अपनी छत्र-छाया बनाए रख, मेरा मार्गदर्शन कर और मुझे सफलता प्रदान कर।

कोई मित्र अवसरवादी होता है, वह विपत्ति में साथ नहीं देगा। कोई मित्र शत्रु बन जाता है और अलगाव का दोष भी हमें ही देता है। कोई मित्र हमारे यहां खाता-पीता है, किंतु विपत्ति के वक्ति दिखाई नहीं देता। समृद्धि के दिनों में वह हमारा अंतरंग बन कर रौब जमाता है, किंतु दुर्दिन आते ही शत्रु बनकर मुंह फेर लेता है। परीक्षा लेने के बाद किसी को मित्र बना लो, लेकिन उस पर तुरंत विश्वास मत करो। अपमान, अहंकार और विश्वासघात के कारण मित्रता टूट जाती है। कभी ऐसा भी होता है, जिस दोस्त पर हम सबसे ज्यादा विश्वास व भरोसा करते हैं, वही विश्वासघात करता है और हृदय पर चोट लगने पर मित्रता टूट जाती है।

**आवश्यकता है**

आवश्यकता है दैनिक सब का सपना समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर व जिला स्तर पर संवाददाताओं की इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें या व्हाट्सएप करें।

9456884327/8218179552

# इजरायल-ईरान युद्ध में परमाणु हथियारों की चर्चा पर दुनियाँ सहमीं



किशन सनमुखदास भावनानी

वैश्विक स्तरपर वर्तमान समय में दो दो देशों में बहुत लंबे समय से चल रहे युद्ध के पीछे चल रही ताकतों को सब जानते हैं, क्योंकि कोई भी देश के लिए सिर्फ अपने अकेले के बल पर इतनी ताकत से लंबी लड़ाई लड़ना संभव नहीं है, हालांकि सब जानते हैं कि इन युद्धों के पीछे कौन सी ताकत है खड़ी है? मेरा मानना है कि इन ताकतों को अपने स्टेटस को छोड़कर, दो-दो कदम आगे पीछे होकर मामला उलझा कर युद्ध विराम को प्राथमिकता देना जरूरी है,वरना किसी भी देश ने परमाणु वेपंस के इस्तेमाल की शुरूआत की तो लपेटेमें पूरी दुनियाँ आ जाएगी, जिसका परिणाम हिरोशिमा नागासाकी से भी भयंकर आने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।इसलिए मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र से इस आर्टिकल के माध्यम से पर्दे के पीछे सभी देशों, गुटों से अनुरोध करना चाहूंगा कि वह अंध समर्थन बंद कर सुलह का रास्ता निकालकर इजरायल- ईरान- हमास, रूस-यूक्रेन सहित अनेकों देशों में आपसी टकराव को सुलझाने के लिए आगे आए ताकि पूरी दुनियाँ एक जंग का अखाड़ा ना बन सके, क्योंकि कुछ देश खुलकर समर्थन में आ रहे हैं तो कुछ देशों ने पर्दे के पीछे समर्थन देकर लड़ाई करने वाले देशों को बढ़ावा दे रहे हैं, मेरा मानना है इसे बंद कर शांति की ओर कदम बढ़ाना चाहिए। हमारे पीएम साहब भी हमेशा यही अपील करते रहते हैं। परमाणु वेपंस का उपयोग हुआ तो मेरे विचार से पूरी दुनियाँ दहल जाएगी। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, इजरायल ईरान सैन्य टकराव खतरनाक मोड़ पर पहुंच?दुनियाँ दो गुटों में बंटने की ओर बढ़ी, तीसरे विश्व युद्ध की आहट?

साथियों बात अगर हम इजरायल ईरान युद्ध की करें तो दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर पहुंच चुकाहै,इजरायल और ईरान के बीच 13-14 जून 2025 को शुरू हुआ सैन्य टकराव अब खतरनाक मोड़ पर पहुंच चुका है, इजरायल की ओर से तेहरान में परमाणु सुविधाओं और सैन्य ठिकानों पर किए गए हवाई हमलों ने ईरान को भारी नुकसान पहुंचाया,जबकि ईरान ने जवाबी कार्रवाई में इजरायल के तेल अवीव, हाइफा और बेन गुरियन एयरपोर्ट पर बैलिस्टिक मिसाइलें और ड्रोन हमले किए। इजरायल और ईरान के बीच जारी संघर्ष हर बीतते घंटे के साथ और बढ़ता जा रहा है,सोमवार देर शाम को इजरायल ने एक बार फिर मध्य ईरान पर हवाई हमले किए, इधर ईरान ने भी इजरायल पर अब तक लगभग 400 बैलेस्टिक मिसाइलें दागने का दावा किया है, वहीं एक न्यूज से इजरायल के पीएम ने कहा है कि खामेनेई के खात्मे के साथ ही क्षेत्र में शांति आएगी। इजराइल और ईरान के बीच लगातार चौथे दिन संघर्ष जारी है। इजराइल ने सोमवार शाम सेंट्रल ईरान पर फिर से एयरस्ट्राइक की। इजराइल एयरफोर्स ने ईरानी की राजधानी तेहरान में नेशनल टीवी न्यूज चैनल इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग की बिल्डिंग पर बम गिराए।घटना के समय टीवी एंकर लाइव शो होस्ट कर रही थी। वह बम धमाके में बाल-बाल बच गई। घटना का वीडियो भी सामने आया, जिसमें एंकर को स्टूडियो से भागते हुए देखा गया।

साथियों बात अगर हम इजरायल -ईरान के भयावह होते युद्ध को हम 10 प्वाइंटों में समझने की करें तो (1) इजरायल और ईरान के बीच तनाव चरम पर है और दोनों देशों के बीच युद्ध जारी है,इजरायल ने ईरान पर बड़ा हमला किया, जिसमें ईरान के परमाणु ठिकानों और सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया. ईरान ने इजरायल के हमले का जवाब देने के लिए ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस लॉन्च किया है, इसके तहत ईरान ने इजरायल पर 100 से अधिक बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, इजरायल की सेना ने अपने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे सुरक्षित स्थानों पर शरण लें, (2) वहीं, रविवार को एक बार फिर इजरायल के आसमान में ईरानी मिसाइलों की बौछार हुई, जबकि दोनों देशों के बीच संघर्ष जारी है, इजरायल की सेना ने कहा कि ईरान की मिसाइलें आ रही हैं, यरुशलम में सायरन की आवाजें सुनाई दे रही हैं, जबकि कई वीडियो में तेल अवीव और यरुशलम के आसमान पर मिसाइलें दिखाई दे रही हैं और उनमें से कई को इजरायल की वायु रक्षा प्रणाली द्वारा रोक दिया गया है,(3) ईरान ने शिराज शहर से इजरायल पर बैलिस्टिक मिसाइलों की बारिश कर दी है, जिससे उत्तर में हाइफा से लेकर दक्षिण में ईलाट तक लगभग पूरे इजराजल में रेड अलर्ट जारी किया गया. तेल अवीव, यरुशलम, बेयर शेवा, हाइफा और दर्जनों अन्य शहरों में हवाई हमले के सायरन की आवाज सुनी गईं, (4) सेना ने कहा है कि ईरानी मिसाइलों की बौछार से इजरायल में कई जगहों पर हमला हुआ है. आरटी इंटरनेशनल की एक पोस्ट के अनुसार, ईरान के हमलों के बाद हाइफा शहर में भीषण आग देखी गई,इसने अनाम इजरायली अधिकारियों के हवाले से बताया कि अब तक इस हमले में चार लोग घायल हुए हैं, (5) ईरान में भी नजारा कुछ अलग नहीं है. तेहरान से आई तस्वीरों में रात के समय आसमान में ईंधन डिपो में लगी आग की लपटें दिखाई दे रही हैं। यह आग इजरायल द्वारा ईरान के तेल और गैस क्षेत्र पर हमले शुरू करने के बाद लगी है, इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था और ईरानी राज्य के कामकाज पर खतरा बढ़ गया है। (6) ईरान ने शनिवार की देर रात तेल अवीव द्वारा ईरानी परमाणु संयंत्रों, मिसाइल कारखानों और सैन्य कमांड केंद्रों पर किए गए हमले के जवाब में इजरायल के हाइफा पोर्ट और पास की एक तेल रिफाइनरी को निशाना बनाया, हवाई हमलों में शीर्ष सैन्य कमांडर और परमाणु वैज्ञानिक मारे गए। (7) हाइफा शहर के स्काईलाइन पर मिसाइलें नजर आईं, जिससे वहां के लोग दहशत में थे, ईरान लगातार बैलिस्टिक मिसाइलें और ड्रोन से हमला करता रहा और इजरायल का एयर डिफेंस सिस्टम आयरन डोम इन मिसाइलों को हवा में ही इंटरसेप्ट करने में जुट गया,(8) पोर्ट पर रासायनिक टर्मिनल में छर्रे गिरे और कुछ अन्य मिसाइल तेल रिफाइनरी पर गिरे, लेकिन पोर्ट की सुविधाओं को कोई नुकसान नहीं हुआ, बताया जाता है कि रिफाइनरी पोर्ट से कुछ दूरी पर है, हाइफा पोर्ट उत्तरी इजरायल में स्थित एक प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय पोर्ट है, जो दक्षिण की तुलना में अपेक्षाकृत कम अस्थिर क्षेत्र है. यह देश के आयात और निर्यात दोनों के लिए एक महत्वपूर्ण पोर्ट है, (9) ईरान द्वारा लगातार दूसरी रात इजरायल पर बैलिस्टिक मिसाइल दागे जाने के बाद तनाव में वृद्धि हुई है. ईरानी सरकारी मीडिया ने दावा किया है कि हाइफा तेल रिफाइनरी पर सीधा हमला हुआ है, जिससे उत्तरी पोर्ट शहर के पास भीषण आग लग गई, मिसाइल हमला हाइफा के पास तमरा में एक आवासीय इमारत पर हुआ, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और कम से कम 14 अन्य घायल हो गए,(10) इजरायल और ईरान ने रविवार रात को एक-दूसरे पर फिर से हमले किए, जिसमें कई लोग मारे गए।

# क्रिकेट : बनी होप कैच के रोमांच पर लगाम



मनोज चतुर्वेदी

पिछले साल टी-20 विश्व कप के फाइनल में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने डेविड मिलर का कैच पकड़कर पांसा पलट दिया था।

इस कैच को यादगार कैचों में शुमार किया जाता है। पर रोमांच पैदा करने वाले इस तरह के कैच अब देखने को नहीं मिलेंगे। बनी होप कहलाने वाले इन कैचों को आईसीसी के नियम बनाने वाली संस्था मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने अवैध करार दे दिया है। इस तरह के कैचों के लिए अब नया नियम बना दिया है।

एमसीसी द्वारा बनाए नए नियम के हिसाब से कोई खिलाड़ी बाउंड्री लाइन पर मौजूद फील्डर यदि कैच पकड़ने के लिए उछलता है और वह गेंद पकढ़ते समय समझता है कि वह सीमा रेखा के बाहर जा रहा है तो वह गेंद को उछालकर सीमा रेखा के अंदर पकड़कर ही कैच पूरा कर सकता है। अगर वह गेंद सीमा रेखा के बाहर उछालकर और फिर बाहर जाकर हवा में रहते हुए, फिर से गेंद को अंदर उछालकर पड़ता है तो इस कैच को मान्य नहीं माना जाएगा। इसके अलावा खिलाड़ी ने बाउंड्री लाइन से बाहर जाकर हवा में रखकर गेंद उछाली तो खुद उसे ही मैदान में अंदर आकर पकड़ना होगा। अगर कोई दूसरा फील्डर इस मैच को पकड़ता है तो इसे अमान्य कर दिया जाएगा। क्रिकेट नियमों बदलाव एक अनवरत प्रक्रिया है।

खेल को और रुचिकर बनाने के उद्देश्य से नियमों में बदलाव हमेशा ही होते रहे हैं। इन नियमों में बदलाव का उद्देश्य एक तो बल्लेबाज और गेंदबाज दोनों में संतुलन बनाए रखना होता है। पिछले कुछ सालों में बनी होप कैचों ने क्रिकेट में नया रोमांच तो पैदा किया है। पर कई बार दर्शकों को लगता है कि यह बल्लेबाजों के प्रति अन्याय है और जिस शॉट पर उसे छक्का मिलना चाहिए था, उस पर उसे आउट दे दिया गया। 2023 की बिग बैश लीग में माइकल नेसर द्वारा पकड़े एक कैच पर सवाल उठे।

इसी तरह बिग बैश लीग में ही 2020 में मैथ्यूवेड के कैच को लेकर भी सवाल उठे तो इस पर आईसीसी ने कैच के इस नियम की एमसीसी से समीक्षा करने को कहा था। एमसीसी ने समीक्षा के दौरान पाया कि यदि गेंद को उछालने वाला ही मैदान में अंदर आकर कैच पकड़े तब ही कैच मान्य होगा। मैथ्यू वेड के कैच मामले में मैट रैनशॉ बाहर से अंदर गेंद उछालने के बाद खुद बाहर ही गिर गए थे। अब नये नियम में सिर्फ एक बार ही गेंद को हवा में उछाला जा सकेगा। यह नियम श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच 17 जून से गॉल में खेले जाने वाले टेस्ट से लागू होगा। असल में इस टेस्ट से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की नई साइकिल शुरू हो रही है।

एमसीसी अधिकृत तौर पर इस नियम को अक्टूबर 2026 से लागू करेगा। आईसीसी क्रिकेट को लोकप्रिय बनाने के लिए नियमों में बदलाव करता रहता है। इस सोच का ही नतीजा है कि टेस्ट मैचों से शुरूआत के बाद यह वनडे और टी-20 प्रारूप तक आ पहुंचा है। साथ ही आईसीसी की क्रिकेट समिति भी समय-समय पर हालात के हिसाब से नियमों में बदलाव करती रहती है। जिस तरह कोविड के समय में लार के माध्यम से वह फैल सकता था, तो गेंद की चमक बनाए रखने के लिए लार के इस्तेमाल पर रोक लगा दी थी। इसके लिए गेंदबाजों ने पसीने का इस्तेमाल करना शुरू किया, लेकिन लार के इस्तेमाल पर रोक से गेंदबाजों को रिवर्स स्विंग में दिक्कत आने लगी, क्योंकि वह गेंद की एक साइड को चमका नहीं पा रहे थे।

पर आईपीएल के इस सत्र में लार के इस्तेमाल की छूट दे दी गई। हम सभी जानते हैं कि क्रिकेटप्रेमियों को स्टेडियम तक खींचकर लाने में बल्लेबाजों के विस्फोटक अंदाज की सबसे अहम भूमिका होती है। ऐसा नहीं है कि क्रिकेटप्रेमी अच्छी गेंदबाजी को पसंद नहीं करते हैं। पर उन्हें मजा चौके-छक्के देखने में ही आता है। इस कारण ज्यादातर नियम बल्लेबाजों के पक्ष वाले ही होते हैं, क्योंकि ज्यादा से ज्यादा लोगों के मैच देखने का आईसीसी की कमाई से सीधा संबंध होता है। पर आईसीसी इस बात का ख्याल भी रखता है कि बल्लेबाजी और गेंदबाजी में संतुलन बना रहे। इसी को ध्यान में रखकर वनडे मैचों में दो गेंदों के इस्तेमाल की शुरूआत हुई, क्योंकि पहले गेंद पुरानी



होते ही बल्लेबाज हावी हो जाया करते थे। पर एमसीसी ने दो गेंदों के नियम में भी थोड़ा बदलाव किया है। अभी तक 50 ओवर के मैच में एक गेंद से 25 ओवर फेंके जाते थे। पर नए नियम के मुताबिक वनडे मैचों में 34 ओवर तक दो गेंदों से गेंदबाजी होगी और बाकी 16 ओवरों के लिए फील्डिंग टीम इन दो गेंदों में से किसी एक गेंद का इस्तेमाल कर सकेगी।

आईसीसी ने कुछ सालों पहले खेल रहे किसी खिलाड़ी के चोटिल होने पर उसकी जगह खिलाड़ी देने के लिए कन्कशन नियम बनाया था। इसमें खिलाड़ी के चोटिल होने पर ही बताया जाता था कि उसकी जगह किसे खिलाएंगे, लेकिन अब टीमों को मैच शुरू होने से पहले मैच रेफरी को कन्कशन के लिए पांच खिलाड़ियों की सूची सौंपनी होगी। इसमें एक बल्लेबाज, एक कीपर, एक तेज गेंदबाज, एक स्पिनर और एक ऑलराउंडर का नाम शामिल करना होगा।

# साइप्रस यात्रा के जरिए तुर्की को कूटनीतिक जवाब

ऑपरेशन सिंदूर के बाद एक टीवी चैनल के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी से पूछा गया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों पर भारत की कार्रवाई इतनी सटीक क्यों रही? पाकिस्तान की खुफिया सेवा इसे भांप क्यों नहीं पाई, पाकिस्तानी राजनेता और सेना क्यों भारतीय कार्रवाई का अंदाजा नहीं लगा पाए। सवाल खत्म होते ही प्रधानमंत्री ठठाकर हंस पड़े। हंसते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना और राजनीति भारत के विपक्षी दलों की ही तरह हैं। जिस तरह वे मेरे बारे में अंदाजा नहीं लगा सकते, कुछ उसी तरह पाकिस्तानी भी अंदाजा नहीं लगा सकते।

दिल्ली में केंद्रीय सत्ता संभालने के बाद प्रधानमंत्री मोदी के कदमों को देखिए। हर बार वे चौंकाते रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद जब समूचा विपक्ष भारत सरकार की विदेश नीति की नाकामी को लेकर मोदी सरकार पर निशाना लगा रहा था, प्रधानमंत्री ने साइप्रस की यात्रा करके देश को चौंका दिया है। भूमध्य सागर के द्वीपीय देश साइप्रस की यात्रा का अचानक से ऐलान होना और कनाडा जाते हुए रास्ते में प्रधानमंत्री मोदी का साइप्रस उतरना और वहां के शीर्ष नेताओं से मिलना भारतीय विदेश नीति का चौंकाऊ फैसला ही है। देश के शीर्ष नेताओं की विदेश यात्राएं अरसा पहले से तय होती हैं, उसकी जानकारी राजनीति के साथ ही पत्रकारिता को भी होती है। लेकिन प्रधानमंत्री की साइप्रस यात्रा अचानक से हुई है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने प्रधानमंत्री की साइप्रस यात्रा का 14 मई को अचानक ऐलान किया। साइप्रस की राजधानी निकोसिया में प्रधानमंत्री मोदी ने वहां के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स से बातचीत भी की। ऐसे में सवाल यह उठ सकता है कि साइप्रस की यह अचानक यात्रा क्यों ?

इस सवाल के जवाब में एक बार फिर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हुई घटनाओं की ओर लौटना होगा। याद कीजिए, तब पाकिस्तान ने भारत पर ड्रोन के जरिए सैकड़ों हमले किए थे। उन हमलों को बेशक भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया। साइप्रस की यात्रा के लिए हमें उन हमलों में इस्तेमाल हुए ड्रोन को देखना होगा। पाकिस्तान ने जिन ड्रोन से हमले किए, ज्यादातर तुर्की में बने सोनगार ड्रोन थे। हवाई हमलों में तुर्की के इन ड्रोन को बेहद मारक माना जाता है। हालांकि वे भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम के सामने बेकार ही साबित हुए। कूटनीतिक हलकों को पता है कि तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप अर्दोआन ने पाकिस्तान को उपलब्ध कराया। अर्दोआन ने पर्दे के पीछे से पाकिस्तान का साथ दिया। इतना ही नहीं, भारत ने जब इस बात को



अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने रखा तो अर्दोआन ने ट्वीटर पर 'पाकिस्तान-तुर्की दोस्ती जिंदाबाद' लिखकर एक तरह से भारत के आरोप को साबित कर दिया। इसे भारत को मुंह चिढ़ाना भी कह सकते हैं। यह उस तुर्की का कदम था, जिसे भारत ने दो साल पहले दिल खोलकर मानवीय आधार पर सहयोग दिया था। छह फरवरी 2023 को तुर्की में 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था, उस झटके में तुर्की में 53 हजार लोगों की मौत हो गई थी, हजारों लोग घायल हो गए थे। जान-माल के भारी नुकसान के बाद भारत ने मानवीय सहायता के साथ ही विशेषज्ञों की टीम के साथ बचाव दल भेजा था। राहत के तुर्की पहुंचने वाली टीमों में भारत की टीम भी शामिल थी। तुर्की के राष्ट्रपति ने जब ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान से दोस्ती को जगजाहिर किया तो उसे भारत के लोगों ने भारत के लिए मुंह चिढ़ाना माना। रही-सही कसर पूरी हुई मई के आखिर में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ की तुर्की की यात्रा से। तब भारत के सामने अर्दोआन के रूख को लेकर कोई गुंजाइश ही नहीं रही। तुर्की को लेकर भारतीय समुदाय की सोच अब भी ऐसी ही है। ऐसा नहीं कि पहली बार तुर्की ने भारत के खिलाफ पाकिस्तान का पक्ष लेते हुए ऐसा कदम उठाया है। संयुक्त राष्ट्र संघ समेत कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान के पक्ष में अर्दोआन सहयोगी भूमिका पेश करते रहे हैं। इन वजहों से तुर्की को लेकर भारत में गुस्सा भी बहुत रहा है। कश्मीर के मसले पर तुर्की हर बार पाकिस्तान के साथ ही खड़ा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी का साइप्रस दौरा भारत के उसी गुस्से की अभिव्यक्ति और भारत को मुंह चिढ़ाने के अर्दोआन के प्रयासों का जवाब माना जा सकता है। इसकी वजह है कि साइप्रस और तुर्की के बीच जारी बरसों पुराना विवाद। साइप्रस में यूनानी और तुर्की मूल के लोग रहते हैं। तुर्की के दोनों समुदायों में नस्ली आधार पर विवाद रहा है। साइप्रस में साल 1974 में तत्कालीन सरकार के खिलाफ यूनानी मूल के आतंकी समूहों ने तख्तापलट की कोशिश की। इसे तुर्की ने अपने लोगों के खिलाफ युद्ध माना। इसके बाद तुर्की ने साइप्रस पर हमला कर दिया। इस दौरान तुर्की की सेनाओं ने साइप्रस के दूसरे नंबर के मशहूर शहर वरोशा पर कब्जा कर लिया। यह शहर अपने बहुमंजिला भवनों के लिए प्रसिद्ध रहा है। यहां पूरे साल सैलानी आते रहते थे। लेकिन जब से तुर्की के कब्जे में यह शहर है, सैलानियों के लिए तरस रहा है। तुर्की की सेना के 35 हजार जवान यहां तैनात हैं। इसके बाद से एक तरह से यह द्वीपीय देश दो हिस्सों में बंट गया है। तुर्की के कब्जे वाले इलाके को तुर्की ने राष्ट्र का दर्जा दे रखा है। दिलचस्प है कि इस राष्ट्र के अस्तित्व को तुर्की के अलावा कोई देश स्वीकार नहीं करता। साइप्रस यूरोपीय संघ का भी सदस्य है और एक जनवरी 2026 से वह संघ का अध्यक्ष बनने जा रहा है। भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते को लेकर बातचीत चल रही है। भारत को उम्मीद है कि साइप्रस के अध्यक्ष रहते यूरोपीय संघ और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौता हो जाएगा। साइप्रस ने कई मौकों पर भारत की संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट की दावेदारी का समर्थन कर चुका है।

मोदी ने साइप्रस जाकर दो संदेश देने की कोशिश की है। पहला संदेश तुर्की के लिए है। भारत ने जता दिया है कि वह साइप्रस को सहयोग देगा और साइप्रस से सहयोग लेगा। वैसे भी साइप्रस के आईटी उद्योग और पर्यटन में भारत के हजारों लोग कार्यरत हैं। साइप्रस स्थित भारतीय हाईकमीशन के मुताबिक साइप्रस में साढ़े ग्यारह हजार लोग रहते हैं। मोदी की साइप्रस यात्रा का दूसरा संदेश भारतीयों के लिए है। पहले भारत से बहुत सारे सैलानी तुर्की जाते थे, लेकिन अब वे साइप्रस जाएंगे। वैसे पाकिस्तान के सहयोग के खुलासे के बाद से ही तुर्की के लिए बुक टिकटों को भारतीयों ने कैंसल कराना शुरू कर दिया था। मोदी की कोशिश साइप्रस को बढ़ाकर तुर्की की आर्थिक रीढ़ पर चोट पहुंचाना है। साथ ही तुर्की को संदेश देना है कि जरूरत पड़ने पर भारत तुर्की के खिलाफ कड़े कदम भी उठा सकता है।

प्रधानमंत्री ने कनाडा जाते हुए साइप्रस की यात्रा से तुर्की को भी चौंकाया है। तुर्की के राष्ट्रपति अर्दोआन ने 2021 में कहा था कि साइप्रस की जिम्मेदारी तुर्की की है। यानी एक तरह से वह साइप्रस के एकीकरण के संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्ताव के खिलाफ हैं। हालांकि अर्दोआन के कदम का इजरायल कड़ा विरोध करता है। साइप्रस की मौजूदा सरकार के साथ इजरायल मजबूती से खड़ा है। जाहिर है कि तुर्की के कदम का इजरायल विरोध कर रहा है। भारतीय प्रधानमंत्री की साइप्रस की यात्रा के बाद इजरायल, भारत और साइप्रस संबंधों को भी गति मिलने की संभावना है। दुनिया इन दिनों चीन के 'वन बेल्ट-वन रोड' के जवाब में मध्य पूर्व के देशों के साथ यूरोप 'इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर' यानी आईएमईसी पर काम कर रहा है। भारत की साइप्रस यात्रा इस कॉरीडोर में भारत की संभावनाओं की भी खोज करती है। साइप्रस जाने वाली पहली भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी रहीं, जिन्होंने 1983 में इस देश का दौरा किया था, इसके उन्नीस साल बाद अटल बिहारी वाजपेयी ने साइप्रस की यात्रा की थी। इसके 23 साल बाद मोदी की यात्रा हो रही है। यह यात्रा तुर्की को जवाब भी है और भारत की यूरोपी संघ से सीधे कारोबारी संपर्क की कोशिश भी।

# वक्त से आंख मिलाने की हिमाकत न करो, वक्त इंसान को नीलाम भी कर देता है

## उझारी में ऑल इंडिया मुशायरे का आयोजन

**उझारी/अमरोहा (सब का सपना):-** नगर में चल रहे हजरत शेख दाऊद बंदगी रहमतुल्ला अलेह के उर्स के अवसर पर ऑल इंडिया मुशायरे का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ हुमायूं साबिर, शबाहत अली, नासिर अली एडवोकेट आदि ने संयुक्त रूप से शमाअ रोशन करके किया। शमा रोशन के पश्चात सर्वप्रथम अल्ताफ जिया ने नाते पाक पढ़ते हुए कहा- मेरा दावा है हर मंजर सुहाना भूल जाएगा, मदीना देखने वाला जमाना भूल जाएगा। वारिस वारसी ने अपना कलाम पेश करते हुए कहा- जब लोग इत्तेहाद के सांचे में ढल गए, फिर यूं हुआ चिराग हवाओं में जल गए। अराफात संभली ने कहा- क्यों नई दुनिया बसाऐं आपके होते हुए, क्यों किसी से दिल लगाऐं आपके होते हुए। मोहतरमा मेहनाज स्योहारवी ने इस तरह पढ़ा- लब सिले हैं मगर मेरे आंसू जुल्म की दास्तां कह रहे हैं, हमने उन पर भरोसा किया था अब जहां के सितम सह रहे हैं। बाराबंकी से पधारे अली बाराबंकवी ने कहा- मैं सदाकत की हवेली में भटकता ही रहा, वह सरासर झूठ बोला और रहबर हो





गया। अल्तमश अब्बास ने कुछ यूं कहा- इश्क करते हो खसारों की तरफ मत देखो, दो कदम चल के सहारों की तरफ मत देखो। नदीम शाद देवबंदी ने कहा- ख्वाब जो पूरे करने हैं तो जुर्रत करनी पड़ती है, किस्मत भी होती है लेकिन मेहनत करनी पड़ती है। मालेगांव महाराष्ट्र से तफरीफ लाए अल्ताफ जिया ने कहा- मैं इसी रास्ते से गुजरूंगा, रहजन को पता चला कैसे, हम में मूसा नहीं कोई मौजूद, बनता दरिया में रास्ता कैसे। उबेद मैरठी ने कहा- कैद में तो थे हे सो खतावार हो गए, मजबूरियां थी इतनी के गुनहगार हो गए। मोहतरमा शबीना अदीब ने इस तरह पढ़ा- कभी तुम्हारे सितम के आगे मेरी जबीं खम न हो सकेगी, खुदा के दरबार के अलावा कहीं भी यह सर झुका नहीं है। नदीम फरुख ने कहा- वक्त से आंख मिलाने की हिमाकत न करो, वक्त इंसान को नीलाम भी कर देता है। खुर्शीद हैदर मुजफ्फर नगरी ने कहा- बेटा मेरा परदेश कमाने को गया है, मय्यत को उठाने में जरा देर लगेगी। अंदाज देहलवी ने अपना कलाम पेश करते हुए कहा- यह सोच ले मुझ पर किसी इल्जाम से पहले, आएगा तेरा नाम मेरे नाम से पहले। हास्य व्यंग के शेयर सज्जाद झंझट ने भी अपना कलाम पेश किया- एक दिन कर बैठा जुर्म ए इश्क मैं, अपनी थाने में हजामत हो गई, इत्तेफाकन जज भी था आशिक मिजाज, इसलिए मेरी जमानत हो गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से चौधरी बुद्धन, खालिद मसऊद, हकीम चमन, फहीमुददीन महल, इफ्तिखार उल हसन, मास्टर असद, मो० आदिल, मौ० आमिर, आफाक पठान, हाजी बब्बन, अलाउद्दीन सैफी, अतहर एहसान, डॉ० शहरोज मुख्तार, वहाबुद्दीन, कुंवर अदनान महल, कोकब इकतेदार, राशिद अली, अबसार अहमद, फहीम वारिस, चौधरी अब्दुल कादिर, शाकिर मसऊदी, शहाबुद्दीन सैफी आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। अध्यक्षता मुजाहिद अली एडवोकेट ने तथा संचालन नदीम फरुख ने किया।

# तीन सगे भाई बहनों के सिपाही के पद पर चयन से परिवार में खुशी का माहौल




**हसनपुर/अमरोहा (सब का सपना):-** तहसील क्षेत्र के गांव तुकलाबाद में किसान परिवार में जन्मे तीन सगे भाई बहनो ने उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती में अपना चयन कराकर साबित किया कि प्रतिभाएं कभी किसी सहारे की मोहताज नहीं होती। बताते चलें कि किसान निरंजन सिंह की चार संतान दो पुत्र तथा दो पुत्रियां हैं। जिनमें से बड़ा पुत्र योगेंद्र सिंह तथा जुड़वा बहनों कु. आकांक्षा तथा कु. अविनीता ने लग्न और परिश्रम के साथ उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती की तैयारी की। 02 जुड़वा बहनों तथा बड़े भाई की एक साथ नियुक्ति से घर, गांव व क्षेत्र में खुशी का माहौल है। अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ हसनपुर ने आज शानदार उपलब्धि के लिए तीनों भाई बहनों और उनके माता-पिता को फूल मालाएं पहनाकर तथा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय अम्बेडकर युवक संघ हसनपुर के अध्यक्ष रामवीर सिंह, महामंत्री विनोद कुमार गौतम, नन्हें सिंह, नवाब सैफी,पिताम्बर सिंह,नरोज कुमार, निरंजन सिंह, विरेन्द्र सिंह, विवेक कुमार, कुलदीप सिंह, मुकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# 1200 किलो आम लंदन रवाना, डीएम निधि गुप्ता वत्स ने दिखाई हरी झंडी



**अमरोहा (सब का सपना):-** जिले के किसानों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। अमरोहा के प्रसिद्ध दशहरी आम अब अंतरराष्ट्रीय बाजार में दस्तक देने लगे हैं। रविवार को मैंगो पैक हाउस से 1200 किलो आम लंदन के लिए रवाना किए गए। इन आमों को विशेष रूप से चयनित, पैक और क्वालिटी टेस्ट के बाद यूके एक्सपोर्ट के लिए तैयार किया गया। जिला अधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने मैंगो पैक हाउस पहुंचकर इन आमों से भरे वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने पैकिंग प्रक्रिया और गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली का निरीक्षण भी किया। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमों की क्वालिटी में कोई समझौता न हो, ताकि अमरोहा की पहचान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और मजबूत हो। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि ह्लअमरोहा के आम अपनी मिठास और स्वाद के लिए देशभर में मशहूर हैं, अब यह स्वाद विदेशी जमीन पर भी पहुंच रहा है। इससे न सिर्फ जिले की ब्रांडिंग होगी, बल्कि आम उत्पादकों की आमदनी में भी बढ़ोतरी होगी। यह कदम जिले के किसानों को वैश्विक बाजार से जोड़ने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इस मौके पर horticulture विभाग के अधिकारी, आम उत्पादक किसान और निर्यात एजेंसी के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने इस पहल की सराहना की और उम्मीद जताई कि भविष्य में अन्य देशों में भी अमरोहा के आमों की मांग बढ़ेगी।

# नौकरी पाकर खुश हुए युवा, जताया संस्थान प्रबन्धन का आभार, आगामी एक जुलाई से होगी सभी चयनित छात्र-छात्राओ की ज्वाईनिंग





**अमरोहा (सब का सपना) रोहित कुमार:-** राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान में दिल्ली स्थित देश की प्रतिष्ठित शिपिंग एवं लॉजिस्टिक कम्पनी साइरो लॉजिस्टिक प्रा0 लि0 द्वारा कैम्पस प्लेसमेन्ट ड्राईव-2025 का आयोजन किया गया, सिजमें परिसर के 300 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। तीन राउण्ड के कठिन साक्षात्कार के बाद कम्पनी ने 22 छात्र-छात्राओं को जॉब के लिए चयनित कर संस्थान प्रबन्धन के साथ मिलकर उनको ऑफर लेटर प्रदान किये। वेंक्टेश्वरा समूह संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी ने चयनित छात्र-छात्राओं को शुभकामनाऐं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। संस्थापक श्री सुधीर गिरि ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं कौशल विकास के द्वारा वेंक्टेश्वरा के छात्र-छात्राऐं देश-विदेश में सफलता का परचम लहरा रहे है। हम अपने यहां अध्यनरत छात्र-छात्राओं को शानदार, सुरक्षित एवं स्थायी कैरियर देने के लिए दृढ संकल्पित है। वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान के डॉ0 सी0वी0 रमन सभागार में कैम्पस प्लेसमेन्ट ड्राईव-2025 का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष डॉ0 सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी, कम्पनी के एच0आर0, प्रबन्धक विवेक सिंह, बिजनेस डेब्लपमेंट ऑफिसर नितेश शाँडिल्य आदि ने सरस्वती माँ के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। अपने सम्बोधन में संस्थापक अध्यक्ष श्री सुधीर गिरि ने कहा कि वैश्विक मंदी एवं कोरोना महामारी के बाद भी देश के स्किल्ड युवाओ विशेष रूप से प्रबन्धन, वाणिज्य सेक्टर में ढेरो रोजगार सम्भावनाऐं है। आदणीय प्रधानमंत्री जी के स्किल इण्डिया-डिजीटल इण्डिया जैसी कल्याणकारी शानदार योजनाओं से प्रेरणा लेकर देश निरन्तर विकास की ओर अग्रसर है। हम अपने यहाँ अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओं को एक सुरक्षित कैरियर देने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारे यहाँ प्रबन्धन एवं बिजिनेस स्टडीज के छात्र-छात्राऐं देश विदेश में उच्च पदो पर कार्यरत है। इस अवसर पर कुलपति प्रो0 कृष्णकान्त दवे, डॉ0 पीयूष पाण्डेय, डॉ0 राजेश सिंह, डॉ0 सर्वानन्द साहू, डॉ0 अनिल जायसवाल, डॉ0 सुमन, डॉ0 एल0एस0 रावत, सलाहकार आर0एस0 शर्मा, डॉ0 अंजलि भारद्धाज, डॉ0 स्नेहलता, एच0आर0 हेड कुलदीप सिंह, डॉ0 अश्विन सक्सेना, डॉ0 ओमप्रकाश गोसाई, मारूफ चौधरी, मेरठ परिसर से डॉ0 प्रताप सिंह, अरूण गोस्वामी, एस0एस0 बघेल, डॉ0 विवेक सचान, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर बैठक आयोजित

**अमरोहा (सब का सपना):-** विकास भवन में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान यह बैठक मुख्य मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, स्वास्थ्य कर्मी, वीडीओ एडीओ पंचायत नगर पालिका ओर पंचायत प्रतिनिधियों ने भी बढ़कर का हिस्सा लिया। इस दौरान जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सत्यपाल सिंह ने बताया कि



मलेरिया माह 1 जून से 30 जून 2025 तक मनाया जा रहा है। विशेष मलेरिया माह में बुखार के रोग की रक्त पत्रिकाएं बनने इसके अंतर्गत हर रविवार मच्छर परिवार जल भराव को रोकने आदि के संबंध में प्रतिभागियों को प्रेरित किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) ने बैठक में बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने अभियान के लिए व्यापक माइक्रो प्लान तैयार किया है। इसके तहत आशा कार्यकताओं और आंगनबाड़ी कार्यकताओं को घर-घर जाकर लोगों को संचारी रोगों के प्रति जागरूक करने की जिम्मेदारी दी गई है। विशेष रूप से डेंगू और मलेरिया के प्रसार को रोकने के लिए जलजमाव को खत्म करने, नालियों की सफाई और नियमित फॉगिंग पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इसके अलावा, स्कूलों में बच्चों को संचारी रोगों से बचाव के लिए जागरूकता सत्र आयोजित किए जाएंगे।

# तौसीफ पहलवान पपसरा ने गुड्डू पहलवान को किया पराजित

## 10 प्रदेश केसरी पहलवान पहुंचे अखाड़े में

**उझारी/अमरोहा (सब का सपना):-** नगर पंचायत उझारी में चल रहे हजरत शेख दाऊद बंदगी रहमतुल्ला अलेह के उर्स में विशाल दाऊदिया दंगल क्षेत्र का प्रसिद्ध दंगल बन गया है। जिसमें बड़ी संख्या में दर्शक आते हैं और पहलवानों का उत्साहवर्धन करते हैं। विशाल दाऊदिया दंगल में 10 प्रदेशों के प्रदेश केसरी पहलवान आए हुए हैं। जिनके जोहर देखने के लिए क्षेत्र से जनता उमड़ पड़ी है। मंगलवार को अनेक कुश्ती हुईं, जिनमें कुछ कुश्ती फाइनल हुईं तथा कुछ कुश्तियां बराबर पर छूटीं। फाइनल होने वाली



कुश्तियों में विशेष रूप से लकी थापा पहलवान नेपाल ने कालू पहलवान को, मौसम अली पहलवान ने पहलवान नगालैंड को, मौसम अली पहलवान ने शैतान पहलवान झारखंड को, रिजवान गनी पहलवान ने टाइगर पहलवान को, तौसीफ पहलवान पपसरा ने गुड्डु पहलवान गोरखपुर को, जावेद पहलवान पपसरा खादर ने पप्पू पहलवान को पराजित कर अपनी जीत का परचम लहराया। यासीन पहलवान पपसरा, अली पहलवान बहराइच ने एनाउंसर की भूमिका निभाई तथा हवालदार पहलवान कन्नौज ने रैफरी की भूमिका अदा की। इस अवसर पर मुख्य रूप से हकीम चमन, कुंवर अदनान महल, वसीम अहमद, अफाक पठान, देवकी पाल, अलाउद्दीन सैफी, कोकब इक़्तेदार, आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# बछरायूं क्षेत्र में जमीनी विवाद के चलते दो पक्षों में जमकर मारपीट, वीडियो वायरल

**धनौरा/अमरोहा (सब का सपना):-** तहसील क्षेत्र के बछरायूं थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद के चलते दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो में दोनों पक्ष एक दूसरे के साथ बुरी तरह मारपीट करते नजर आ रहे हैं। मिली जानकारी के मुताबिक मामला बछरायूं थाना क्षेत्र के गांव भगवानपुर का बताया जा रहा है। जहां दो पक्ष जमीनी विवाद के चलते आपस में भिड़ गए, देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी जिसका वीडियो मंगलवार की सुबह सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। हालांकि यह वीडियो 15 जून का बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी



के अनुसार गांव निवासी शमा परवीन ने बताया कि जमीनी विवाद के चलते उनके ही गांव के रहने वाले कुछ दबंग लोगों ने उनके व उनके परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि इस मामले में पुलिस को तहरीर दी गई लेकिन पुलिस की तरफ से अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

# जिलाधिकारी ने किया अलीपुर खादर अस्थाई गौशाला का किया निरीक्षण, लापरवाही पर जताई नाराजगी





**अमरोहा।** मंगलवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने विकासखंड हसनपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत अलीपुर खादर में अस्थाई गौशाला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गौशाला स्थल में 78 गोवंश जिसमें 30 नर व विशेष मादा संरक्षित पाए गए। इस दौरान जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने गौशाला में साफ सफाई संतोषजनक ना पाए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई। जिसके बाद उन्होंने जल निकासी की समस्या को ग्राम पंचायत व्यवस्था तत्काल ठीक कराने व हयूम पाइप लगवाने का निर्देश सचिव खुर्शीद को दिया गया। इसी के साथ सहभागिता योजना अंतर्गत गोवंश सुपुर्दगी में न दिए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि उपयुक्त गायों में कृत्रिम गभार्धान कर गर्मित कराया जाए। गर्मित गायों की विशेष देख रेख की जाए। जिससे वे स्वस्थ रहकर संतति उत्पन्न करें। तथा ऐसी गायों को इच्छुक व्यक्तियों को सहभागिता योजना में सुपुर्द किया जाए। इसकी साथ गौशाला में पीछे की ओर से शेड से असुरक्षित व खुले होने पर असंतोष व्यक्त करते हुए तत्काल एक सेट बनवाने रिक्त पड़ी भूमि पर दो बड़े सेट बनवाने वह चार दिवारी बनवाने के लिए खंड विकास अधिकारी हसनपुर को निर्देशित किया गया। परिसर में बनी अनुपयोगी पानी की होद के ऊपर सेट लगाकर उसे वमीर्कंपोस्ट पिट के रूप में प्रयोग करने का निर्देश दिया गया है। समस्त अभिलेख यथा चिकित्सा पंजीका एविमल लॉग बुक, चारा तथा भूसा की लॉग बुक का अवलोकन किया गया। तथा रिकॉर्ड को अपडेट रखना का तथा खंड विकास अधिकारी को नियमित रूप से भूसा हरा चारा आदि के अभिलेखों का अवलोकन करने का निर्देश दिया गया।

# ढवारसी में भाजपा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत और '11 साल बेमिसाल' पर चर्चा

**ढवारसी/अमरोहा (सब का सपना):-** हसनपुर विधानसभा के गांव ढवारसी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आदमपुर मंडल के नवनियुक्त पदाधिकारियों के स्वागत में एक समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने स्वयं उपस्थित होकर सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल-मालाएं पहनाकर गर्मजोशी से अभिनंदन किया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण भी मौजूद रहे। जिन्होंने अपने नए पदाधिकारियों का उत्साहवर्धन किया। विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के '11 साल बेमिसाल' की उपलब्धियों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार ने पिछले ग्यारह वर्षों में देश के विभिन्न क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति



की है। जिसमें आर्थिक विकास, सामाजिक कल्याण, राष्ट्रीय सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय संबंधों को मजबूत करना शामिल है। उन्होंने सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, जन-धन योजना, आयुष्मान भारत और स्वच्छ भारत अभियान का उल्लेख किया। जिन्होंने करोड़ों लोगों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। इन योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचा है। विधायक ने इस बात पर जोर दिया कि भाजपा सरकार की नीतियां केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे जमीन पर दिखाई दे रही हैं और लोगों को सीधा फायदा पहुंचा रही हैं। उन्होंने कहा कि देश की बढ़ती अर्थव्यवस्था,



मजबूत होती सैन्य शक्ति और वैश्विक मंच पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा मोदी सरकार की दूरदर्शिता और कुशल नेतृत्व का परिणाम है। उन्होंने कार्यकताओं से आग्रह किया कि वे इन उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं और लोगों को सरकार के अच्छे कार्यों से अवगत कराएं।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल, आदमपुर मंडल अध्यक्ष राजीव गोयल, वरिष्ठ भाजपा नेता अंकुर अग्रवाल, प्रधान संघ के अध्यक्ष यशपाल प्रधान, जिला पंचायत सदस्य शीशराम सिंह, विक्रम महंत, सत्य प्रकाश त्यागी, और संजय सागर मौजूद रहे। मंडल स्तर पर भाजपा के संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र त्यागी, कर्मवीर, सुनील नागर और गौतम शामिल रहे। जिन्होंने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।मंडल महामंत्री हरिद्वार सिंह और प्रेम सिंह गुर्जर की संगठनात्मक क्षमता की प्रशंसा की गई। मंडल मंत्री के रूप में विजय सिंह, अमरपाल सिंह, कुंवरपाल सिंह, सुशील गिरी और देवेंद्र सिंह आगामी चुनावों के लिए संगठन को सक्रिय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। भाजपा की संगठनात्मक संरचना में शक्ति केंद्र संयोजकों का महत्व भी कम नहीं है। शक्ति केंद्र संयोजक बूथ स्तर पर पार्टी की गतिविधियों का संचालन करते हैं और मतदाताओं से सीधा संपर्क साधते हैं। जिसके लिए रामौवतार कुशवाह, मुन्नालाल, प्रेमपाल सिंह, कुंवरपाल सिंह, मुकेश शर्मा, मुकेश सिंह, राकेश गिरी, अंकुर त्यागी और रामबीर पाल जैसे कार्यकताओं को शामिल किया गया।

## मोदी सरकार के ग्यारह साल पूरे होने के उपलक्ष्य में चौपाल आयोजित



**संभल (सब का सपना):-** केंद्र की मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी मण्डल हयातनगर के मनोकामना शक्ति केंद्र पर चौपाल आयोजित की गई। जिसमें उपस्थित लोगो को शक्ति केंद्र प्रभारी सय्यद शान अली ने संबोधित कर सरकार की उपलब्धियां बताई और संम्पर्क कर पत्रंक वितरित किए जिसमे शक्ति केंद्र प्रभारी निवर्तमान जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा सय्यद शान अली सेक्टर संयोजक खुर्शीद बेगम बूथ अध्यक्ष शकीलुरहमान मलिक जफर अहमद जैनुल आबेदीन मोहम्मद तहसीन शमा परवीन गय्यूर अहमद तहसीन सैफी अली शाह परवीन वरिशा परवीन शाकिर हुसैन जाकिर हुसैन सलमान अंसारी शहजादे अली नोशाद अली गुलफाम अली फुरकान अली महमूद खान रज्जब अली आदि लोगो तथा कार्यकताओं ने चौपाल में भाग लिया ।

# मैन चौराहे पर गरजा बुलडोजर अतिक्रमण को किया गया ध्वस्त

## 40 साल पुराना हनुमान मंदिर भी हटाया गया





**बहजोई/संभल (सब का सपना):-** मैंन चौराहे पर बाबा का बुल्डोजर गरजता हुआ नजर आया अतिक्रमण को भी साफ किया गया तथा अतिक्रमण की जद में आए 40 साल पुराने हनुमान मंदिर को भी हटाया गया। जनपद के कस्बा वहजोई मैन चौराहे पर उप जिलाधिकारी विनय मिश्रा की बड़ी कार्रवाई देखने को मिली मंगलबार को इस्लामनगर चौराहे पर बुल्डोजर की कारवाई की गई जिसमें व्यापारियों ने अपनी दुकानों के आगे अवैध रूप से कर रखे अतिक्रमण को प्रशासन की मौजूदगी में हटाया गया जिससे व्यापारियों में हड़कंप मच गया व्यापारियो को जल्द से जल्द अतिक्रमण हटाने को लेकर जागरूक किया गया इस दौरान पीएसी तथा आर आर एफ के जवानों सहित स्थानीय पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा उप जिलाधिकारी विनय मिश्रा ने बताया जब तक अतिक्रमण पूरी तरह से समाप्त नहीं हो जाता तब तक ये कार्रवाई जारी रहेगी

# उद्दिमयो की समस्याओं का हो प्राथमिकता से निस्तारण- जिलाधिकारी

**अमरोहा (सब का सपना):-** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय मासिक उद्योग बन्धु समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने उद्योग बंधुओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना और संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि उद्योग बंधुओं की किसी भी समस्या में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी प्राथमिकता के साथ उनकी समस्याओं का निस्तारण हो। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी बिंदुओं को प्राथमिकता के साथ निस्तारण कराया जाए आज जो बिंदु उठाए गए हैं उनका निस्तारण हर हाल में अगली बैठक तक अवश्य हो जाए । उद्योग कर्मियों की समस्याओं के निस्तारण को प्राथमिकता से लिया जाए। अपर जिलाधिकारी ने लंबित निवेश मित्र के प्रकरणों को संबंध विभाग जल्द से जल्द निस्तारण के निर्देश संबंधित को दिए। मैसर्स जी०आर० सॉलवेन्ट एण्ड अलाइड इण्डस्ट्रिज ली०, को नियमित विद्युत सप्लाई से सम्बन्धित प्रकरण। मैसर्स तेवा ए०पी०आई०, गजरौला जनपद अमरोहा के वर्षा काल में बाहर जल निकासी न होने के कारण पानी भर जाने की समस्या



सम्बन्धित प्रकरण को जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सूक्ष्म लघु व मध्यम उद्यम को प्रोत्साहित करने इस क्षेत्र में पूंजी निवेश को बढ़ावा देने तथा नए रोजगार सृजित करने हेतु प्रख्यापित की गई है। इस योजना के अन्तर्गत प्रत्येक वर्ष 1 लाख नई सूक्ष्म इकाइयां स्थापित करने तथा आगामी 10 वर्षों में प्रदेश में 10 लाख सूक्ष्म इकाइया स्थापित करने का उद्देश्य है। योजना में वित्तीय वर्ष 2024-25 में वार्षिक लक्ष्य 1000 के सापेक्ष अद्यतन 2294 आवेदन सम्बन्धित बैंको प्रेषित किया गया था, जिसमें से 562 आवेदन बैंक द्वारा स्वीकृत किये गये थे, तथा 390 ऋण वितरित किये जा चुके है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में वार्षिक लक्ष्य 1800 के सापेक्ष कार्यलय से अद्यतन 2221 आवेदन सम्बन्धित बैंको प्रेषित किये जा चुके है, जिसमें से 318 आवेदन बैंक द्वारा स्वीकृत किये जा चुके है, तथा 262 ऋण वितरित किये जा चुके है। एक जनपद एक उत्पाद विपणन विकास सहायता (एम.डी.ए.) योजना के अंतर्गत ओडीओपी योजना के तहत घोषित उत्पादों की बिक्री के लिए हस्तशिल्पियों, बुनकरों और कारीगरों को बेहतर मार्केटिंग एवं उचित मूल्य दिलाने के मकसद से एक जनपद एक उत्पाद विपणन विकास सहायता योजना शुरू की गई थी। इसके तहत प्रदेश में लगने वाले मेला प्रदर्शनियों में भाग लेने पर स्टॉल चार्ज का 75 फीसद (अधिकतम 50 हजार रुपये) माल ढुलाई पर आने वाले खर्च का 75 फीसद (अधिकतम 7500 रुपये) और एक व्यक्ति के आने-जाने के लिए ट्रेन के थर्ड एसी अथवा एरी बस का किराया देने का प्रावधान है. जिसमें कार्यलय में प्राप्त आवेदनों को जनपद स्तर पर गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा स्वीकृत कर दावों की सूची आयुक्त एवे निदेशक उद्योग, उद्योग एवं प्रोत्साहन निदेशालय (ओ.डी.ओ.पी. प्रकोष्ठ) को उपलब्ध कराये जाने का प्रावधान है। उक्त योजना के अन्तर्गत कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 02 आवेदन एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 02 प्राप्त हुये है। जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत 500 का लक्ष्य शीघ्र अति शीघ्र पूर्ण करें. बैठक में उपायुक्त उद्योग शैलेंद्र सिंह, लीड बैंक मैनेजर सहित अन्य संबंधित औद्योगिक क्षेत्र के प्रतिनिधि बंधु उपस्थित रहे।

# जिले में उधम सखी परीक्षा आयोजित, 162 महिलाओं ने दी परीक्षा

**अमरोहा (सब का सपना):-** रोहित कुमारः- शहर के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में उधम सखी परीक्षा आयोजित की गई। इस दौरान यह परीक्षा परियोजना निदेशक अमरेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस परीक्षा में 162 उधम सखी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान परियोजना निदेशक अमरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि यह महिला परीक्षा पास करने के बाद बैंक में तैनाती की जाएगी। इस दौरान उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ समूह की महिलाओं को दिलाया जाएगा। हालांकि इस



परीक्षा में कैलकुलेटर मोबाइल व अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान पूर्ण रूप से वर्जित रहा। इस दौरान यह परीक्षा सीसीटीवी कैमरे की निगरानी के बीच आयोजित की गई।

# विकासखण्ड बहजोई के ग्राम बेहटा में कैच द रेन अभियान का किया गया द्वारा शुभारंभ

**बहजोई/सम्भल(सब का सपना):-** विकासखण्ड बहजोई के ग्राम बेहटा जयसिंह स्थित मनरेगा पार्क से जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट द्वारा कैच द रेन अभियान का किया शुभारंभ। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सर्वप्रथम जल दूतों को माला पहनाकर उनका सम्मान किया । जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने वर्षा जल संचयन के लिए ट्रेंच खुदाई के अभियान का फावड़ा चलाकर स्वयं ट्रेंच खुदाई कर शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने बताया कि जल शक्ति अभियान के अन्तर्गत पूरे जनपद में मनरेगा के माध्यम से ट्रेंच खुदाई का कार्य किया जा रहा है उन्होंने बताया कि यदि एक ट्रेंच की माप 52.1.6 फीट है तो एक बार में वर्षा जल भरने से 453 लीटर पानी से ग्राउंड वाटर रिचार्ज होगा। इस प्रकार इस मनरेगा पार्क में कुल 900 ट्रेंच खुदाई की जाएगी। जनपद के समस्त विकास खण्डों में मनरेगा पार्क एवं गौशालाओं आदि पर लगभग 5 हजार ट्रेंच की खुदाई की जाएगी इससे लगभग 22 लाख 65 हजार लीटर पानी रिचार्ज होगा। उन्होंने बताया कि इसका द्वितीय चरण भी आगे चलाया जाएगा ताकि अधिक से अधिक वाटर रिचार्ज हो सके। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मनरेगा पार्क में हरीशंकरी पौधारोपण भी किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि बेहटा जयसिंह के मनरेगा पार्क का शुभारंभ 2018-19 ई. में किया गया इसमें लगभग 1500 पौधे लगाये गये थे जोकि आज मनरेगा पार्क की शोभा बढ़ाते हुए पर्यावरण को सुरक्षित करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राम आशीष, जिला सूचना अधिकारी



बृजेश कुमार एवं खंड विकास अधिकारी बहजोई ओमवीर सिंह एवं संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मार्ग के चौड़ीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाई की मांग की...



**संभल (सब का सपना):-** मार्ग के चौड़ीकरण के सम्बन्ध में एस डी एम को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाई की मांग की है। जनपद सम्भल में मार्ग चौड़ीकरण कराये जाने के लिए तराई किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष हाजी नदीम ने उपजिलाधिकारी सम्भल विकास चन्द्र को ज्ञापन सौंपा है ज्ञापन मे उल्लेख किया गया है कि सुलेमान शहीद से बाइपास तक का रास्ता बहुत तंग हो चुका है, एक साइड मे नाला निकालने की वजह से आने जाने वाली सवारियों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है, जब कोई बड़ी सवारी आ जाती है तो साइकिल चालक नाले में गिर जाता है, इस सम्बंध में पत्र सम्पूर्ण समाधान दिवस में भी दिया गया था, लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

# योग से प्रत्येक परिवार को जोड़ा जाए ताकि प्रत्येक परिवार रह सके निरोगी.. मुख्य विकास अधिकारी

## बांकेबिहारी मंदिर परिसर में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सहजन के पौधे किए रोपित








**बहजोई/संभल (सब का सपना:-** 21 जून 2025 को 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के लिए सामूहिक योगाभ्यास हेतु 15 जून से योग सप्ताह चल रहा है जोकि 21 जून तक चलेगा। इसमें विभिन्न संस्थाओं एवं विभागों द्वारा योग के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में आज बनियाखेडा के ग्राम गणेशपुर के बांकेबिहारी मंदिर परिसर में कृषि विभाग द्वारा किसान योग का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट द्वारा की गयी। किसान लिखे शब्द की आकृति बनाकर योग किया गया जोकि ड्रोन के माध्यम से बहुत ही सुन्दर एवं अविस्मरणीय लग रहा था। किसान योग की ड्रोन के माध्यम से वीडियो ग्राफी भी करायी गयी। योग प्रशिक्षक डॉ रुपाली वागदरे एवं सुशील आर्य तथा हरिओम शर्मा द्वारा किसानों को प्राणायाम, सुखासन, पदमासन एवं अनुलोम विलोम तथा अर्ध चक्रासन, भुजंगासन, पवनमुक्तासन आदि योगाभ्यास कराया गया। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने अपने संबोधन में कहा कि योग से प्रत्येक परिवार को जोड़ा जाए तथा जिससे सभी लोग निरोगी रह सकें। योग से माताओं एवं बहनों को भी जोड़ा जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री का सपना है कि 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र बने इसके लिए प्रत्येक परिवार को निरोगी रहना आवश्यक है, इसके लिए हम सभी को योग अपनाना होगा तथा नियमित योगाभ्यास करना होगा। ग्राम गणेशपुर स्थित बांकेबिहारी मंदिर परिसर में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सहजन का पौधा भी रोपित किया गया तथा सहजन के लाभ के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि सहजन का पौधा प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर लगाना चाहिए। कृषि विभाग द्वारा योगाभ्यास कर रहे किसानों एवं ग्राम वासियों को फल भी वितरित किए। इस अवसर पर कृषि उपनिदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके बाद विकासखण्ड बहजोई के ग्राम घासीपुर स्थित गौ आश्रय स्थल पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में गौमाता योग का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम मुख्य विकास अधिकारी द्वारा गो वंशों को गुड़ खिलाया गया। योग प्रशिक्षक अमरनाथ द्वारा लोगों को प्राणायाम, अनुलोम विलोम, अर्ध चक्रासन, भुजंगासन, पवनमुक्तासन आदि योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ शैलेन्द्र सिंह तथा खंड विकास अधिकारी बहजोई ओमवीर सिंह तथा पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ प्राची तथा पशुधन प्रसार अधिकारी अनिल प्रताप एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने तहसील हसनपुर क्षेत्र में बगद नदी का किया निरीक्षण







**अमरोहा (सब का सपना):-** जनपद के विकासखंड हसनपुर क्षेत्र के गांव शाहपुर कला व बाईखेड़ा में बगद नदी का वाचन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्रा परियोजना निदेशक अमरेंद्र प्रताप सिंह साथ ही तहसील हसनपुर की उप जिलाधिकारी विभाग श्रीवास्तव मौजूद रही। इस दौरान जिलाधिकारी ने शाहपुर कला में बगद नदी का जीर्णोद्धार कार्य किया गया जिसमें कुल छह मस्टरोल जारी किए गए जिसमें क्रमांक संख्या 1751, 1752, 1753, 1754, 1756, 1756 है। जोकी दिनांक 9 जून 2025 से 19 जून 2025 तक जारी किए गए इस दौरान मौके पर ग्राम पंचायत शाहपुर कला में 60 श्रमिकों के अपेक्षा वामन पर महिला श्रमिकों की पेंशन हेतु खंड विकास अधिकारी हसनपुर को सत्यापन कराकर नियम अनुसार कार्यवाही करने के आदेश दिए। इसी के साथ जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत बाईखेड़ा में बगद नदी जीर्णोद्धार कार्य पर दिनांक 17 जून 2025 को कल 12 मास्टर रोल जारी किए गए जिसमें कम से हैं 1562 1563 1564 1565 1566 1567 1569 1570 1571 1572 1573 1574 है जो कि दिनांक 5 जून 2025 से 20 जून तक जारी किए गए इस दौरान जिलाधिकारी ने मौके पर ग्राम पंचायत बाईखेड़ा में 110 श्रमिकों के अपेक्षा 60 सेरेमिक उपस्थित पाए गए। जिसके द्वारा संबंधित को सेशन में भुगतान करने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही बंदे के किनारे नाली ट्रेस बनाकर वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी अश्विनी कुमार, ग्राम विकास अधिकारी कविंद्र यादव और ग्राम पंचायत अधिकारी मोनू सहित ग्राम प्रधान व गढ़ मान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## दिल्ली में बढ़ती उमस से मौसम में बड़े बदलाव का संकेत, आईएमडी ने जारी की चेतावनी



**नई दिल्ली।** उमस भरी गर्मी के बीच मंगलवार को दिल्ली में दिनभर बादल छाए रहने का अनुमान है। आंधी, बिजली गिरने, 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और मध्यम बारिश की भी संभावना है। हवा की गति 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक भी जा सकती है। इस दौरान अधिकतम तापमान सामान्य के आसपास रहने का अनुमान है। मंगलवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान 28.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से अधिक है। अधिकतम तापमान 34 से 35 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। दिल्ली का एक्यूआई 97 दर्ज वहीं, हवा की गुणवत्ता फिलहाल अच्छी है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार मंगलवार सुबह दिल्ली का एक्यूआई 97 दर्ज किया गया। इसे संतोषजनक श्रेणी में रखा गया है। एनसीआर के शहरों का एक्यूआई भी कुछ जगहों पर संतोषजनक तो कुछ जगहों पर मध्यम श्रेणी में बना हुआ है। निकट भविष्य में इसके बढ़ने की कोई संभावना नहीं है। वहीं, हवा की गुणवत्ता फिलहाल अच्छी है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार मंगलवार सुबह दिल्ली का एक्यूआई 97 दर्ज किया गया। इसे संतोषजनक श्रेणी में रखा गया है। एनसीआर के शहरों का एक्यूआई भी कुछ जगहों पर संतोषजनक तो कुछ जगहों पर मध्यम श्रेणी में बना हुआ है। निकट भविष्य में इसके बढ़ने की कोई संभावना नहीं है।

## दिल्ली में यमुना बायोडायवर्सिटी पार्क के पास दिखा तेंदुआ, क्षेत्र में बना दहशत का माहौल



**बाहरी दिल्ली:** क्षेत्र में तेंदुए की उपस्थिति को लेकर पिछले पांच-छह महीनों से चल रहीं अटकलें अब सच होती दिख रही हैं। स्थानीय किसान और वन्य जीव प्रेमी की ओर से लगाए गए कैमरे में 15 जून की रात 10:27 बजे पर तेंदुआ यमुना बायोडायवर्सिटी पार्क के पास टहलते हुए कैद हुआ है। सोमवार को ग्रामीणों ने यह फोटो यमुना बायोडायवर्सिटी पार्क प्रबंधन और वन्य प्राणी विभाग के अधिकारियों से साझा किया। देर शाम वन्य प्राणी विभाग की टीम ने क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया। तेंदुए को लेकर क्षेत्र में दहशत का माहौल हालांकि, तेंदुए की उपस्थिति के बारे में संशय बना हुआ है। फिलहाल तेंदुए को लेकर क्षेत्र में दहशत का माहौल है। बताया जा रहा है कि मंगलवार को फिर सर्च अभियान चलाया जाएगा। यमुना बायोडायवर्सिटी पार्क प्रबंधन की ओर से तेंदुए की उपस्थिति के बारे में अभी आधिकारिक तौर पर पुष्ट नहीं की गई है। पल्ला गांव के भेड़िया भी कैमरे में कैद हुआ था पिछले दिनों पल्ला गांव के पास भेड़िए की फोटो कैद करने वाले वन्य जीव प्रेमी हेमंत गर्ग और जगतपुर गांव के किसान महफूज अली ने कुछ दिन पहले एक कैमरा यमुना बायोडावर्सिटी पार्क के पास लगाया था। यह कैमरा विशेष तौर पर तेंदुए की क्षेत्र में उपस्थिति का पता लगाने के उद्देश्य से लगाया गया था। 15 जून की रात 10 बजकर 27 मिनट पर कैमरे में तेंदुए का फोटो कैद हुआ है। जनवरी से अब तक कई बार दिखे तेंदुए के पैरों के निशान इस फोटो को यमुना बायोडावर्सिटी पार्क प्रबंधन के साथ-साथ वन्य प्राणी विभाग को भी भेजा गया।

## दिल्ली में सेक्सटार्शन गिरोह का भंडाफोड़, पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार



**पूर्वी दिल्ली।** शाहदरा जिले के साइबर सेल थाना पुलिस ने सेक्सटार्शन गिरोह के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। यह वीडियो कॉल के दौरान अश्लील वीडियो बनाकर लोगों से वसूली करते थे। इनके पास से चार मोबाइल व तीन सिम बरामद हुई हैं। इनकी पहचान राजस्थान निवासी श्याम सिंह व अलीपुर निवासी मंगल सिंह के रूप में हुई है। आरोपितों से पूछताछ कर पुलिस गिरोह के सरगना आमिर व अन्य तलाश कर रही है। शाहदरा के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त दीपेंद्र सिंह ने बताया कि 12 जून को साइबर थाने में एक शख्स ने सेक्सटार्शन की शिकायत दी थी। पीड़ित ने बताया कि क्वाकक्वाक डेटिंग एप पर उसकी दोस्ती नंदिनी' नाम की युवती से हुई थी। दोनों एक दूसरे को फोन नंबर साझा किए। दोनों की वॉट्सऐप पर बात होने लगी। युवती ने एक दिन पीड़ित को वीडियो कॉल की और काल उठाते ही वह अश्लील हरकतें करने लगी। पीड़ित ने युवती से अश्लीलता के बारे में पूछा तो उसने कहा कि उसने उसका वीडियो बना लिया है। वह उनसे रकम मांगने लगी। पीड़ित ने उसे 35 हजार रुपये भेज दिए। इसके बाद भी वह रुपये मांगती रही। परेशान होकर पीड़ित ने पुलिस में केस दर्ज करवाया। दोनों एक दूसरे को फोन नंबर साझा किए। दोनों की वॉट्सऐप पर बात होने लगी। युवती ने एक दिन पीड़ित को वीडियो कॉल की और काल उठाते ही वह अश्लील हरकतें करने लगी। पीड़ित ने युवती से अश्लीलता के बारे में पूछा तो उसने कहा कि उसने उसका वीडियो बना लिया है। वह उनसे रकम मांगने लगी। पीड़ित ने उसे 35 हजार रुपये भेज दिए। इसके बाद भी वह रुपये मांगती रही। परेशान होकर पीड़ित ने पुलिस में केस दर्ज करवाया।

## लूट का विरोध करने पर तीन नाबालिगों ने चाकू घोंपकर की राहगीर की हत्या, पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बाहरी दिल्ली:** राजधानी में एक रौंगटे खड़े कर देने वाली सामने आई है। लूट का विरोध करने पर बदमाशों ने सीने में खंजर घोंप कर राहगीर को मार डाला। मोबाइल और पर्स छीनकर बदमाश फरार हो गए। इस ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी सुलझाते हुए पुलिस ने तीन नाबालिग को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित से मृतक का पर्स और वारदात में प्रयुक्त खंजर बरामद कर लिया है। 10 जून को नाबालिगों ने अमित कुमार को मारा था चाकू उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि गत 10 जून को अशोक विहार थाना पुलिस को अमित कुमार के घायल अवस्था में स्थानीय दीप चंद बंधु अस्पताल में भर्ती होने के संबंध में सूचना मिली। यह जानकारी मिली कि अज्ञात लोगों के चाकू से हमले के कारण अमित कुमार जख्मी हो गए। पीड़ित के सीने के दाहिने हिस्से पर चाकू के दो गहरे घाव पाए गए। चिकित्सकों के प्रयासों के बावजूद, अमित कुमार ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। किसी प्रत्यक्षदर्शी या तत्काल सुराग के अभाव में इस मामले को ब्लाइंड मर्डर मानते हुए पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की। सीसीटीवी के आधार पर पहचान कर आरोपितों को पकड़ा उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों से पूछताछ और अपराध स्थल के आसपास के क्षेत्र से सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपित की पहचान की गई और उन्हें पकड़ लिया गया। पकड़े गए तीनों नाबालिग हैं।पूछताछ के दौरान नाबालिग ने हत्या मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। आरोपित ने बताया कि उन्होंने मोबाइल फोन छीनने का प्रयास किया था और विरोध किया तो उन्होंने उसे चाकू मार दिया। नाबालिग का एक साथी फरार, चल रही तलाश उसका मोबाइल फोन और अन्य निजी सामान लेकर फरार हो गए। उन्होंने बताया कि आरोपित की निशानदेही पर खंजर, पर्स और आईडी कार्ड बरामद किए गए हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमलावरों के एक साथी का पता लगाने और उसे पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## इंस्टाग्राम पर फर्जी ज्योतिषी के चक्कर में फंसी आईटी एनालिस्ट, पूजा-पाठ का झांसा देकर ठगे तीन लाख




**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस की साइबर टीम ने इंस्टाग्राम पर धार्मिक और ज्योतिषीय उपायों का झांसा देकर महिला से 3 लाख रुपये की ठगने करने फर्जी ज्योतिषी को गिरफ्तार किया। आरोपित इंस्टाग्राम पर आध्यात्मिक उपायों के विज्ञापन डालता था और समस्याओं का समाधान करने के नाम पर लोगों से मोटी रकम वसूलता था। इसी तरह उसने दिल्ली के बुराड़ी की रहने वाली आईटी कंपनी में एनालिस्ट को ठगा। एनालिस्ट ने पुलिस को बताया कि उसने इंस्टाग्राम पर ज्योतिषी का पेज देखा और उससे संपर्क किया। पूजा पाठ के लिए पैसे लिए, लेकिन उपाय कराए नहीं उसके साथ बातचीत वॉट्सएप पर हुई, जिसमें आरोपित ने धार्मिक अनुष्ठानों, पूजा-पाठ और नकारात्मक ऊर्जा हटाने जैसे उपाय बताकर करीब तीन लाख रुपये ठगे। आरोपित ने यह राशि अलग-अलग किश्तों में अपने खाते में डलवाई, लेकिन उपाय तो किए नहीं गए और बाद में आरोपित ने संपर्क तोड़ दिया। नार्थ दिल्ली पुलिस के उपायुक्त राजा बंथिया ने बताया कि शिकायत मिलने पर साइबर थाना उत्तर जिला में FIR दर्ज की गई। जयपुर से फर्जी ज्योतिषी को किया गया गिरफ्तार जांच में बैंक खातों, कॉल डिटेल्स और तकनीकी सर्विलांस की मदद से आरोपित की लोकेशन जयपुर के मानसरोवर और विद्याधर नगर क्षेत्र में ट्रेस की गई। टीम ने छापेमारी कर जयपुर निवासी आरोपित सुमित भार्गव को गिरफ्तार किया गया। आरोपित ने बताया कि उसके परिवार में पहले भी लोग ज्योतिष से जुड़े रहे हैं और उसी आधार पर उसने इंस्टाग्राम पर अपना प्रचार किया। पुलिस ने आरोपित के पास से एक मोबाइल फोन व सिम कार्ड बरामद किया है, जो ठगी में इस्तेमाल हुआ था। आरोपित का बैंक खाता भी फ्रीज कर दिया गया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपित पूजा-अर्चना कराने के नाम पर लोगों से बड़ी रकम वसूलता था

## नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अगर अपनाया ये तरीका तो नहीं लगेगा पार्किंग चार्ज, नियमों में हुआ बड़ा बदलाव



**नई दिल्ली।** अपने वाहन या कैब से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर जाने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी, क्योंकि यहां की पार्किंग व्यवस्था में बदलाव किया गया है। यात्रियों को लेकर आने वाले वाहन यदि आठ मिनट में स्टेशन परिसर से बाहर निकल जाएंगे तो उन्हें कोई पार्किंग शुल्क नहीं देना होगा, लेकिन, यात्रियों को लेने आने वाले वाहनों को पार्किंग क्षेत्र में खड़ा करना होगा और उसे शुल्क भी देना होगा। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर नई पार्किंग व्यवस्था को लेकर टेंडर जारी कर दिया गया है। यात्रियों की सुविधा व रेलवे स्टेशन के बाहर लगने वाले जाम की समस्या हल करने के लिए वाहन पार्किंग की व्यवस्था में दो बदलाव किए गए हैं। स्टेशन के मुख्य परिसर तक सिर्फ यात्री को लेकर आने वाले वाहनों को जाने की अनुमति मिलेगी। आठ मिनट में यात्री को छोड़कर परिसर से बाहर निकल जाने वाले वाहनों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। उसके बाद 15 मिनट तक के लिए 50 रुपये और उससे अधिक समय के लिए 200 रुपये पार्किंग शुल्क देना होगा। दूसरा बदलाव, कैब चालकों को लेकर है, जिनको भी यह सुविधा मिलेगी। अभी उनसे 30 रुपये शुल्क लिया जाता है। यात्रियों को स्टेशन से लेने आने वाले वाहनों को सामान्य या वीआइपी पार्किंग में खड़ा किया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि यात्रियों को लेने आने वाले वाहन स्टेशन परिसर में बने लेन में खड़े हते हैं, जिससे जाम लगता है। इस कारण यात्रियों को छोड़ने वाले वाहनों को भी शुल्क देना पड़ता है। वहीं, कैब चालक शुल्क बचाने के लिए यात्री को स्टेशन परिसर से बाहर छोड़ देते हैं, जिससे उन्हें परेशानी होती है। अब यह परेशानी दूर हो जाएगी। अभी सभी वाहनों से शुरू के आठ मिनट के लिए कोई पैसा नहीं लिया जाता है। उसके बाद 15 मिनट के लिए 50 रुपये, उसके बाद 30 मिनट के लिए 200 रुपये और 30 मिनट से अधिक के लिए 500 रुपये लिए जाते हैं। यात्रियों को स्टेशन से लेने आने वाले वाहनों को सामान्य या वीआइपी पार्किंग में खड़ा किया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि यात्रियों को लेने आने वाले वाहन स्टेशन परिसर में बने लेन में खड़े रहते हैं, जिससे जाम लगता है। इस कारण यात्रियों को छोड़ने वाले वाहनों को भी शुल्क देना पड़ता है। वहीं, कैब चालक शुल्क बचाने के लिए यात्री को स्टेशन परिसर से बाहर छोड़ देते हैं, जिससे उन्हें परेशानी होती है। अब यह परेशानी दूर हो जाएगी। अभी सभी वाहनों से शुरू के आठ मिनट के लिए कोई पैसा नहीं लिया जाता है।

## दिल्ली पुलिस ने कुख्यात गांजा तस्कर को सिंघु बॉर्डर से पकड़ा, 567 किलो गांजे की तस्करी में था वॉन्टेड



**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच-2 ने लंबे समय से फरार चल रहे कुख्यात नशा तस्कर धर्मवीर उर्फ पल्ला को नरेला के सिंघु बॉर्डर से गिरफ्तार किया है। आरोपित एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज एक मामले में राजस्थान पुलिस की ओर से वॉन्टेड था और उस पर 10,000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था। दिल्ली के इंदरपुरी स्थित जेजे कॉलोनी का रहने वाला धर्मवीर उर्फ पल्ला वर्ष 2024 में राजस्थान के सवई माधोपुर से फरार चल रहा था। 567 किलो गांजे की तस्करी में चल रहा था वॉन्टेड धर्मवीर पर 567 किलो गांजे की तस्करी का आरोप है। इस गांजे की कीमत लगभग 56 लाख रुपये आकी गई थी। राजस्थान के रावंजना दुंगर थाने में इस मामले में केस दर्ज किया गया था। पुलिस को सूचना मिली थी कि धर्मवीर 16 जून को सिंघु बॉर्डर, नरेला आने वाला है। इंस्पेक्टर गौतम मलिक के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। इस टीम में रकअनुज छिकारा, ल्व्उ प्रमोद, ल्व्उ रविंदर व अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। तकनीकी निगरानी के माध्यम से लोकेशन ट्रेस की गई और एमसीडी टोल बूथ, नरेला पर जाल बिछाकर उसे गिरफ्तार किया गया। 2022 में दिल्ली पुलिस की टीम पर करवाया था हमला धर्मवीर की आपराधिक पृष्ठभूमि काफी लंबी है। वह पहले से ही कई गंभीर मामलों में शामिल रहा है। जिनमें डकैती, हत्या की कोशिश और एनडीपीएस एक्ट के तहत केस शामिल हैं। 2022 में उसने दिल्ली पुलिस की रेडिंग टीम पर हमला भी करवाया था, जिसमें पुलिसकर्मी घायल हुए थे। वह अक्सर अपना ठिकाना बदलता रहता था ताकि गिरफ्तारी से बच सके। धर्मवीर अनपढ़ है और पहले अपने पिता के साथ मिलकर अवैध शराब बेचने का काम करता था। धीरे-धीरे वह गांजे की तस्करी में शामिल हुआ और दिल्ली-एनसीआर में बड़े स्तर पर नेटवर्क फैला लिया।

## दिल्ली में 33 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का हुआ शुभारंभ, लोगों को मिलेगी बड़ी राहत; 2406 करोड़ की है योजना




**नई दिल्ली।** राजधानी में मंगलवार को 33 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का शुभारंभ हो गया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली सरकार के मंत्री ने अलग-अलग जगहों पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के तहत दिल्ली में 2406 करोड़ की लागत से 1139 आयुष्मान आरोग्य मंदिर शुरू किए गए हैं। इसी क्रम में दिल्ली सरकार, नगर निगम व नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) के 33 डिस्पेंसरियों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर के रूप में विकसित किया गया है। इसका शुभारंभ 14 जून को होना था, लेकिन अहमदाबाद में विमान हादसे की घटना के कारण उसे टाल दिया गया था। वहीं, बीजेपी सांसद मनोज तिवारी ने आज यमुना विहार के बी ब्लॉक में दिल्ली सरकार के आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि मोहल्ला क्लीनिक में टेस्ट नहीं होते थे। आरोग्य मंदिर में टेस्ट होंगे और लोग योग कर सकेंगे। कहा कि मोहल्ला क्लीनिक इतना छोटा था, लोग प्रवेश करते ही गिर जाते थे। इसका शुभारंभ 14 जून को होना था, लेकिन अहमदाबाद में विमान हादसे की घटना के कारण उसे टाल दिया गया था। वहीं, बीजेपी सांसद मनोज तिवारी ने आज यमुना विहार के बी ब्लॉक में दिल्ली सरकार के आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि मोहल्ला क्लीनिक में टेस्ट नहीं होते थे। आरोग्य मंदिर में टेस्ट होंगे और लोग योग कर सकेंगे। कहा कि मोहल्ला क्लीनिक इतना छोटा था, लोग प्रवेश करते ही गिर जाते थे।

## दिल्ली में एक बड़े गिरोह का पदार्फाश, अधिकारी बन ऐसे करते थे ठगी; दो शातिर हुए गिरफ्तार




बाहरी दिल्ली। एक नामी फाइनेंस कंपनी के अधिकारी बन लोन देने का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है और दो अन्य की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जाल में फंसने वाले लोगों से पहले प्रोसेसिंग फीस के नाम पर वसूली करते थे और बाद में पैसों को फर्जी अकाउंट में ट्रांसफर करते थे। आरोपित ने शिकायतकर्ता को 25 लाख रुपये का लोन दिलाने के नाम पर 1.92 लाख रुपये की धोखाधड़ी की। पुलिस इस तरह की 10 शिकायतों की छानबीन कर रही है। पुलिस ने दोनों आरोपित से 16 मोबाइल फोन, एक कंप्यूटर, चार चेक बुक, रबर स्टैंप, डेबिट कार्ड बरामद किए हैं। बाहरी उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त हरेश्वर वी. स्वामी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपित साइबर धोखाधड़ी नेटवर्क संचालित करते थे। ये लोग एक नामी फाइनेंस कंपनी के अधिकारी बनकर लोन चाहने वाले व्यक्तियों को निशाना बनाते थे। वे लोगों को बड़े लोन का वादा करके अपने जाल में फंसाते थे, प्रोसेसिंग फीस वसूलते थे और कई बैंक खातों में फंड ट्रांसफर करते थे। वहीं, जांच में धन के स्त्रोत का पता लगाया गया है, पता चला कि धन के गंतव्य को छिपाने के लिए फर्जी खातों के एक नेटवर्क इस्तेमाल किया गया था। उन्होंने बताया कि एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से गत अप्रैल माह में शिकायत प्राप्त हुई, जिसमें 1,92,599 की वित्तीय धोखाधड़ी की सूचना दी गई। दिल्ली के भलस्वा डेयरी निवासी शिकायतकर्ता हसीब ने बताया कि फाइनेंस कंपनी के अधिकारी बनकर 25 लाख का लोन देने का प्रस्ताव दिया। पॉलिसी और प्रोसेसिंग फीस के रूप में राशि ट्रांसफर करने के बाद, उन्हें कोई लोन नहीं मिला और उनके बैंक खाते से कटौती की जानकारी मिली। पुलिस ने तकनीकी निगरानी और वित्तीय विश्लेषण किया। दिल्ली के तिलक नगर और सभापुर एक्सटेंशन सहित कई स्थानों पर छापे मारे गए।

## चारधाम यात्रा में हेलिकॉप्टर सेवा बहाल, डीजीसीए की गाइडलाइन के मुताबिक संचालित

देहरादून (एजेंसी)। उत्तराखंड में चारधाम यात्रा में हेलिकॉप्टर सेवा को बहाल कर दिया गया है। इसके पहले हेलिकॉप्टर सेवा को हादसे के बाद कुछ समय के लिए स्थगित हुआ था। अब इस हेलीकॉप्टर सेवा को फिर से बहाल किया गया है। उत्तराखंड सिविल एविएशन डेवलपमेंट अथॉरिटी की सीईओ सोनिका ने ये जानकारी दी है। गौरतलब है कि केदारनाथ घाटी में एक प्राइवेट हेलीकॉप्टर का एक्सीडेंट हो गया था। इसमें पांच श्रद्धालुओं सहित सात लोगों की मौत हुई थी। इस घटना के बाद उत्तराखंड सरकार ने चारधाम यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर सेवाओं कुछ दिनों के लिए रोक दिया था। हेली उड़ानों के लिए कोई परेशानी ना हो इसके लिए राज्य सरकार ने कमांड एंड कोऑर्डिनेशन सेंटर स्थापित करने का निर्देश दिया है। सोनिका का कहना है कि हेलीकॉप्टर सेवाएं अब डीजीसीए की गाइडलाइन के मुताबिक संचालित होंगी। सरकार ने सभी हेली ऑपरेटरों और पायलटों को भी निर्देश दिया है कि उनकी जांच की जाएगी कि उन्हें हिमालयी क्षेत्रों में उड़ान का अनुभव है या नहीं। जो भी नियमों का उल्लंघन करता हुआ पाया जाएगा उनके खिलाफ सख्त जांच होगी।

## कोझिकोड पुलिस ने सेक्स रैकेट चलाने के आरोपी दो पुलिसकर्मियों को हिरासत में लिया

कोझिकोड (एजेंसी)। केरल के कोझिकोड स्थित मालापराम्बु में सेक्स रैकेट चलाने के आरोपी दो पुलिसकर्मियों को हिरासत में लिया गया। दोनों ही फरार चल रहे थे। पुलिसवालों पर आरोप है कि दोनों की मदद से स्पा की आड़ में सेक्स रैकेट चल रहा था। जहां ये सब कुछ चल रहा था, उस बुजुर्गों की देखभाल के लिए सेवाएं देने वाली एजेंसी के तौर पर पेश किया गया था। दोनों आरोपियों की पहचान वरिष्ठ सिविल पुलिस अधिकारी (सीपीओ) शैजित और सीपीओ सानिथ के रूप में हुई है। दोनों कोझिकोड शहर के पुलिस नियंत्रण कक्ष में ड्राइवर थे। सेक्स रैकेट मामले में नाम सामने आने के बाद कोझिकोड शहर के पुलिस आयुक्त ने दोनों को निलंबित किया। पुलिस जांच दल ने दोनों को तब गिरफ्तार किया जब वे मामले की मुख्य आरोपी बिन्दु की कार में थे। इस महीने की शुरुआत में बिंदु और आठ अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इन्?हें मलापराम्बु के अपार्टमेंट में सेक्स रैकेट चलाते हुए पाया गया था। पड़ोस के रहने वाले लोगों की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान उन्होंने संचालकों, ग्राहकों और यौनकर्मियों सहित नौ लोगों को हिरासत में लिया। पकड़े गए लोगों में छह महिलाएं और कुछ पुरुष शामिल हैं, जिनके ग्राहक होने का अनुमान है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया जाना है, जो फिलहाल बहरीन में काम करता है। अपार्टमेंट के मालिक का दावा हैं कि बहरीन फुटबॉल क्लब से जुड़े एक फिजियोथेरेपिस्ट को यह पट्टे पर दिया गया था। उन्होंने बताया कि उन्हें किसी भी अवैध गतिविधि के बारे में जानकारी नहीं है, क्योंकि किराया नियमित रूप से मिल रहा था।

## आदिवासी मजदूर को नहीं मिली एंबुलेंस, थैली में बेटी का शव लेकर गांव गया

पालघर (एजेंसी)। महाराष्ट्र के पालघर जिले से सरकारी स्वास्थ्य तंत्र की पोल खोलने वाली घटना सामने आई है। फिर महाराष्ट्र में सरकारी सिस्टम एकदम लाचार दिखा है। जोगलवाड़ी गांव निवासी एक आदिवासी मजदूर को अपनी मृत नवजात बेटी के शव को प्लास्टिक की थैली में लपेटकर राज्य परिवहन की बस से अपने गांव गया। आदिवासी मजदूर का आरोप है कि नासिक सिविल अस्पताल ने शव ले जाने के लिए एंबुलेंस देने से इंकार किया था। कटकारी आदिवासी समुदाय से आने वाले सखरम कावर ने कहा, मैंने अपनी बच्ची को स्वास्थ्य तंत्र की लापरवाही और बेरुखी के कारण खो दिया। सखरम और उनकी पत्नी अविता (26) दिहाड़ी पर मजदूरी करके गुजर करते हैं। हाल ही तक बदलापुर (ठाणे) में एक ईंट भट्ठे पर काम कर रहे थे। सखरम और उनकी पत्नी अविता सुरक्षित प्रसव के लिए अपने गांव लौटे थे। 11 जून को प्रसव पीड़ा शुरू होने पर सरकारी एम्बुलेंस नहीं आई और अंततः कई अस्पतालों के चक्कर काटने के बाद, 12 जून की रात नासिक में बच्ची मृत जन्मी। अगली सुबह अस्पताल ने शव सौंप दिया, लेकिन परिवहन की कोई व्यवस्था नहीं की। इसके बाद मैंने 20 रुपये में थैली खरीदी, बच्ची को कपड़े में लपेटा और बस से गांव लौटा। उन्होंने बताया कि 13 जून को जब पत्नी को घर लाने नासिक लौटे, तब भी एम्बुलेंस नहीं दी गई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने आरोपों को खारिज कर कहा कि सखरम ने स्वयं एम्बुलेंस लेने से इंकार किया था और अस्पताल ने सभी जरूरी मदद दी।

## मणिपुर में बड़ी मात्रा में मिला हथियार

इंफाल (एजेंसी)। मणिपुर में 8 से 15 जून के बीच भारतीय सेना और असम राइफल्स ने मणिपुर पुलिस, सीआरपीएफ, बीएसएफ और आईटीबीपी के साथ मिलकर कई जिलों में संयुक्त अभियान चलाया। थौबल, चुराचांदपुर, ककचिंग, तेंग्नौपाल, इम्फाल ईस्ट और इम्फाल वेस्ट जिलों में हुए इन ऑपरेशनों में 4 उग्रवादियों को पकड़ा गया और 23 हथियार, 10 आईईडी, ग्रेनेड, भारी मात्रा में गोलाबारूद और युद्ध सामग्री बरामद हुई। 8 जून को तेंग्नौपाल में दो इम्प्रूवाइज्ड मोर्टार, 12 जून को थौबल, चुरा चांदपुर और इम्फाल ईस्ट में कुल 12 हथियार, 13 जून को तेंग्नौपाल में 3 हथियार और 10 आईईडी, जबकि 14 जून को ककचिंग और इम्फाल ईस्ट से 6 हथियार और विस्फोटक बरामद किए गए। पकड़े गए उग्रवादियों और सामग्री को मणिपुर पुलिस को सौंपा गया। यह कार्रवाई राज्य में शांति बहाली की दिशा में अहम मानी जा रही है।

## गुरुधामों के लिए नहीं जाएगा सिख जत्था

अमृतसर (एजेंसी)। भारत और पाकिस्तान के बीच जारी सीमा तनाव को देखते हुए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने सिख श्रद्धालुओं का जत्था पाकिस्तान भेजने से मना कर दिया है। महाराजा रणजीत सिंह की पुण्यतिथि पर पाकिस्तान स्थित गुरुद्वारों की यात्रा पर हर साल जत्था रवाना होता था। इस साल ये यात्रा 29 जून को लाहौर के लिए रवाना होनी थी। कमेटी ने कहा कि मौजूदा हालात में यह निर्णय सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए लिया गया है।

# मॉनसून ने पकड़ी रफ्तार... दिल्ली-एनसीआर में बारिश, बिहार-झारखंड में भी मौसम बदला

**मप्र में 19 जिलों को कवर किया मानसून**



**नई दिल्ली/भोपाल (एजेंसी)।** दक्षिण-पश्चिम मॉनसून मंगलवार को फिर आगे बढ़ा है। मॉनसून उत्तरी अरब सागर और गुजरात के अतिरिक्त भागों के साथ-साथ विदर्भ के बचे हुए हिस्सों में आगे बढ़ा है। इसके अलावा, मध्य प्रदेश के कुछ हिस्से, छत्तीसगढ़ के अधिकांश हिस्से, ओडिशा के शेष क्षेत्र, झारखंड के कुछ हिस्से, समूचा गंगा का तटीय क्षेत्र, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल के बचे हुए क्षेत्र और बिहार के कुछ हिस्से भी दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के प्रभाव में आ गए हैं। इसके साथ ही देश की राजधानी दिल्ली के मौसम में भी तब्दीली आई है। दोपहर से दिल्ली-नोएडा समेत इसके आसपास के इलाकों में हल्की बारिश शुरू हुई है।

वहीं इंदौर समेत मध्यप्रदेश के 15 जिलों में मंगलवार को मानसून ने दस्तक दे दी। मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम प्रदेश में अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, देवास, हरदा, खंडवा, बैतूल, नर्मदापुरम, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला और डिंडौरी जिलों में पहुंच गया। आज 38 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट है। इससे पहले सोमवार को बड़वानी, खरगोन, बुरहानपुर और खंडवा में मानसून पहुंचा था। इस तरह मानसून ने 2 दिन में प्रदेश के 19 जिलों को कवर कर लिया है। इधर, मंगलवार सुबह करीब 11 बजे छिंदवाड़ा में तेज बारिश हुई। ग्रामीण इलाकों- जुन्नारदेव, बिछुआ, नवेगांव में भी पानी गिरा। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 2 दिन में मानसून भोपाल में दस्तक दे सकता है। वहीं, सबसे आखिरी में ग्वालियर-चंबल में पहुंचेगा। मौसम विभाग की मानें तो एक सप्ताह में मानसून पूरे प्रदेश को कवर कर लेगा। इससे पहले प्रदेश में आंधी-बारिश का दौर रहेगा। कहीं-कहीं भारी या अति भारी बारिश भी हो सकती है।

### जबलपुर समेत 38 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग ने प्रदेश के अधिकांश हिस्से में मौसम का मिजाज बदलने का अनुमान जताया है। उमरिया, शहडोल, मैहर और सीधी में तूफानी हवा चलने का अलर्ट है। हवा की रफ्तार 80 किलोमीटर प्रतिघंटा तक रह सकती है। सिंगरौली, सतना, कटनी, पन्ना, अनूपपुर, डिंडौरी, रीवा, जबलपुर में भी तेज आंधी के साथ बारिश हो सकती है। मुरैना, छिंदवाड़ा, बैतूल, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, नरसिंहपुर, नर्मदापुरम, श्योपुर, ग्वालियर, शिवपुरी, छतरपुर, दमोह, टीकमगढ़, सतना, मऊगंज, सागर, अलीराजपुर, रतलाम, भिंड, मंदसौर, नीमच, आगर-मालवा, खंडवा, देवास और राजगढ़ में बिजली गिरने के साथ हल्की आंधी चल सकती है।

## जनगणना का काम देशहित में ईमानदारी से पूरा होना चाहिए : मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व सीएम मायावती ने मोदी सरकार से कहा कि जनगणना का काम देशहित में ईमानदारी से पूरा होना चाहिए। बसपा मुखिया ने पोस्ट कर लिखा कि भाजपा ने केंद्र में अपने 11 वर्षों के कार्यकाल के बारे में जो अपार उपलब्धियां वर्णित की हैं, वे जमीनी हकीकत में लोगों की गरीबी, बेरोजगारी, दुख-दर्द आदि दूर करने अर्थात जन और देशहित में कितनी लाभदायक रही हैं, सही समय आने पर जनता खुद उनका जवाब दे देगी, जिसकी पूरी उम्मीद है। उन्होंने कहा कि देश में राष्ट्रीय और जातीय जनगणना का भी कार्य कांग्रेस के समय से लटका हुआ था, जिस पर काफी आवाज उठाने के बाद अब मामले में प्रक्रिया शुरू हुई है। जनकल्याण से सीधे तौर पर जुड़ा जनगणना का यह कार्य देशहित में ईमानदारीपूर्वक पूरा होना चाहिए। केंद्र की सरकार इस पर ध्यान दे। मायावती ने कहा कि इन मामलों में पार्टी के लोगों को सही तथ्यों से अवगत कराने और उन्हें सजग करने के साथ ही पार्टी के संगठन से संबंधित दिए गए कार्यों की समीक्षा उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों की भी छोटी-छोटी बैठकों के जरिए विचार-विमर्श लगातार जारी है। पार्टी हित में इन पर पूरा ध्यान जरूरी है। यह अभियान मेरे द्वारा बैठकों से शुरू होकर अनवरत जारी है। ताजा बैठक पूर्वांचल में पार्टी संगठन की तैयारी और जनाधार को बढ़ाने के संबंध में हुई और सख्ती भी की गई। साथ ही, बिहार में होने वाले विधानसभा आम चुनाव से सम्बन्धित रणनीति पर भी तैयारी जारी है ताकि बेहतर रिजल्ट आ सके।



## केंद्रीय गृह राज्यमंत्री राय का तेजस्वी से सवाल... आपने बाबासाहेब के लिए आज तक क्या किया



**पटना (एजेंसी)।** मोदी सरकार में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री और भाजपा के नेता नित्यानन्द राय ने राजद के नेता तेजस्वी यादव पर जोरदार निशाना साधा है। उन्होंने राजद अध्यक्ष लालू के बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के अपमान करने को लेकर सवाल पूछा गया। केंद्रीय राज्यमंत्री राय ने सवाल किया कि जब तेजस्वी यादव कांग्रेस के साथ थे और कांग्रेस की गोद में थे, तब उन्होंने बाबासाहेब के लिए क्या किया? केंद्रीय मंत्री राय ने तेजस्वी यादव को निशाने पर लेकर लिखा, तेजस्वी, आप मुद्दों की राजनीति नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार की राजनीति करते हैं, परिवारवाद की राजनीति करते हैं और जंगलराज की राजनीति करते हैं, जो आपकी पहचान है और इस पहचान को बिहार के लोग भली-भांति जानते भी हैं, समझते भी हैं। बिहार की जनता आपके झांसे में आने वाली नहीं है, आपके हकीकत से पूरा बिहार वाकिफ है।

इसके बाद उन्होंने राजद को निशाने पर लेकर कहा, राजद अंबेडकर के नाम पर सियासत भी करती है और उन्हें अपमानित करने का काम भी करती है। किस तरह से बाबासाहेब की तस्वीर को लालू यादव के जन्मदिन के मौके पर उनके पैरों के पास रखकर अपमानित किया गया, वहां वाक्या पूरे देश ने देखा है। उन्होंने सवाल किया, जब आप सत्ता में रहते हैं, तब बाबासाहेब याद नहीं आते और जब सत्ता से बाहर होते हैं, तब बाबासाहेब के नाम पर राजनीति करते हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि आपने बाबासाहेब के सम्मान के लिए क्या किया है? जब आप कांग्रेस के साथ थे और कांग्रेस के गोद में थे, तब आपने बाबासाहेब के लिए क्या किया? इसका जवाब दीजिए?

# जस्टिस वर्मा के समर्थन में सिब्बल बोले- शेखर यादव के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने जज यशवंत वर्मा के खिलाफ प्रस्तावित महाभियोग प्रक्रिया को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि वर्मा के खिलाफ आरोप इतने स्पष्ट नहीं हैं कि उनके आधार पर महाभियोग चलाया जाए। सिब्बल ने कहा, इस मामले में जांच के बिना किसी नतीजे पर नहीं पहुंचा जा सकता। महज कुछ वीडियो क्लिप और जले हुए नोटों की बातें, जो मीडिया में आई हैं, उन्हें बिना जांच के आधार नहीं बनाया जा सकता।

ये भी तो बताएं कि इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज शेखर यादव के खिलाफ कार्रवाई रुकी क्यों?

एक इंटरव्यू में कपिल सिब्बल ने आरोप लगाया कि सरकार पक्षपात कर रही है। सिब्बल ने सरकार और राज्यसभा के सभापति पर इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति शेखर यादव के खिलाफ 55 सांसदों द्वारा हस्ताक्षरित महाभियोग प्रस्ताव पर छह महीने से कोई कार्रवाई न करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, न्यायमूर्ति यादव का सांप्रदायिक भाषण स्पष्ट है और इसे उन्होंने अस्वीकार नहीं किया। फिर भी, सभापति ने हस्ताक्षरों की जांच के लिए इतना समय क्यों लिया? यह स्पष्ट है कि सरकार इस न्यायाधीश को बचाना चाहती है। सिब्बल ने यह भी सवाल उठाया कि सभापति ने मुख्य न्यायाधीश को न्यायमूर्ति यादव के खिलाफ इन-हाउस जांच को रोकने के लिए पत्र क्यों लिखा, जबकि न्यायमूर्ति वर्मा के मामले में ऐसा नहीं किया गया। उन्होंने मांग की कि विपक्ष को न्यायमूर्ति यादव के खिलाफ महाभियोग प्रक्रिया पहले शुरू करने पर जोर देना चाहिए। सिब्बल ने कहा कि पहले जज यादव के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए, उसके बाद ही वर्मा के मामले पर विचार होना चाहिए।

ऐसे महाभियोग नहीं चलाया जा सकता

सिब्बल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की इन-हाउस जांच कोई वैधानिक जांच नहीं है और इसके आधार पर महाभियोग नहीं चलाया जा सकता। उन्होंने कहा, महाभियोग तभी लाया जाना चाहिए जब सांसदों को




जज की कथित गतिविधियों पर पूरा विश्वास हो, जैसा कि हमने जस्टिस दीपक मिश्रा के मामले में किया था। सिब्बल ने यह भी सवाल उठाया कि क्या तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना को इन-हाउस रिपोर्ट राष्ट्रपति को भेजनी चाहिए थी। यह संसद का विषय है, न्यायपालिका का नहीं।

## राहत : लगातार तीसरे दिन कोविड संक्रमण के मामलों में आई गिरावट

नई दिल्ली। कोविड के नए वैरिएंट की रफ्तार थमने से राहत मिली है। लगातार तीसरे दिन भारत में कोविड संक्रमण के मामलों में गिरावट आई है। ताजा आंकड़ों से पता चलता है कि देशभर में एक्टिव केस घटकर 7 हजार से नीचे पहुंच गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने ये नए आंकड़े जारी किए हैं। कोविड संक्रमण को लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को सुबह 8 बजे तक के आंकड़े जारी किए हैं। मंत्रालय के मुताबिक देशभर में एक ही दिन में संक्रमण के 428 मामले कम हुए हैं। इससे अब कोविड के एक्टिव मामलों की संख्या घटकर 6836 हो गई है। इसके पहले सोमवार को संक्रमण के मामलों में 119 की गिरावट आई थी। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक पिछले 24 घंटों में केरल में सबसे ज्यादा कमी आई वहां 261 मामले कम हुए। इसके अलावा गुजरात में 185, दिल्ली में 94, महाराष्ट्र में 28, आंध्र प्रदेश में 18, सिक्किम में 13, असम में 3, तेलंगाना–बिहार–छत्तीसगढ़ और गोवा में एक–एक घटे हैं।

# विदेश मामलों की संसदीय कमेटी की हुई बैठक, शशि थरूर ने दी बड़ी जानकारी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विदेश मामलों पर संसद की स्थायी समिति की मंगलवार को शाम 4 बजे बैठक की। विदेश मामलों पर संसदीय समिति की बैठक के समापन पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि हमारे पास भारत की हिंद महासागर रणनीति नामक एक विषय पर चर्चा चल रही थी, जो एक विदेश नीति का विषय है, जिसके महत्वपूर्ण रक्षा आयाम हैं। हमें जानकारी देने के लिए रक्षा सचिव और नौसेना भी मौजूद थे। चर्चाएं शानदार रहीं। हमने विभिन्न पहलुओं पर गंभीर चर्चा में ढाई घंटे से अधिक समय बिताया, जिसे आप संसद में प्रस्तुत रिपोर्ट में देखेंगे।

शशि थरूर ने कहा कि हमें नौसेना के उप प्रमुख, रक्षा सचिव और विदेश मंत्रालय के सचिव ईस्ट का साथ पाकर बहुत खुशी हुई। यह एक बहुत ही विस्तृत चर्चा थी। उपस्थित समिति के प्रत्येक सदस्य ने सवाल पूछे... इस चर्चा में भागीदारी की भावना बहुत ही जबरदस्त है। इस बहुत ही व्यापक चर्चा से हमें एक अच्छी रिपोर्ट मिलेगी... इन सभी (ब्लू वॉटर नेवी) पर चर्चा की गई... ब्लू वॉटर नेवी का पूरा विचार, उससे परे हमारी सैन्य क्षमता, हर चीज पर गहन चर्चा की गई। ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा नहीं हुई, लेकिन उस टकराव के दौरान जो कुछ तत्व स्पष्ट हुए, वे बातचीत में सामने आए। कांग्रेस सांसद शशि थरूर इस समिति के अध्यक्ष हैं। इससे पहले 10 जून को अमेरिका गए सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले थरूर ने कहा था कि अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ उनकी मुलाकात 'उल्लेखनीय' रही। पत्रकारों से बात करते हुए थरूर ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच 'अच्छी बातचीत' हुई और भारतीय प्रतिनिधिमंडल को लगा कि 'इससे बेहतर बैठक नहीं हो सकती थी।' प्रतिनिधिमंडल ने पिछले सप्ताह अमेरिका की अपनी यात्रा के दौरान वेंस से मुलाकात की थी।

## भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं पर भड़के सिद्धारमैया, त्रासदी का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बेंगलुरु (ईएमएस)। भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा भगदड़ को लेकर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार के इस्तीफे की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया, तभी सिद्धारमैया ने तीखा पलटवार कर भाजपा पर पक्षपातपूर्ण लाभ के लिए त्रासदी का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया। सिद्धारमैया ने भाजपा नेताओं को चुनौती दी कि वे पहले अतीत में इसी तरह की घटनाओं के दौरान अपने ही पार्टी सदस्यों द्वारा दिए गए इस्तीफों की सूची पेश करें।

सिद्धारमैया ने कहा कि दुखद भगदड़ की घटना के संबंध में, मैं राज्य के भाजपा नेताओं से अनुरोध करता हूं कि वे हमारे इस्तीफे की मांग करने से पहले अतीत में इसी तरह की घटनाओं के दौरान इस्तीफा देने वाले भाजपा नेताओं की सूची जारी करें। हमारी सरकार ने बेंगलुरु शहर के पुलिस आयुक्त सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया है और राज्य खुफिया विभाग के प्रमुख का तबादला किया है। मेरे राजनीतिक सचिव को भी उनके कर्तव्यों से मुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त, हमने मामले की गहन जांच करने के लिए सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति जॉन माइकल कुन्हा के नेतृत्व में एक सदस्यीय आयोग का गठन किया है।

सीएम ने कहा कि इसतरह के निर्णायक कदम उठाने के बावजूद, राज्य में भाजपा नेता विरोध प्रदर्शन जारी रखते हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि उनके इरादे लोगों के प्रति वास्तविक चिंता से प्रेरित होने के बजाय राजनीतिक हैं। त्रासदियों का राजनीतिकरण करना भाजपा के लिए कोई नई बात नहीं है। मृत्यु, दुर्घटना या हिंसा की हर घटना पर गिद्ध की तरह झपटना उनके डीएनए में समाया हुआ है। यहां तक कि अगर उनके आंगन में एक हाथी भी मर जाता है, तब उन्हें अपने पड़ोसी की थाली में मक्खी पर ध्यान देने की आदत है। कर्नाटक के लोग व्यवहार के इस पैटर्न को समझ चुके हैं। हम हर त्रासदी से प्रभावित परिवारों के दुख और पीड़ा के साथ सहानुभूति रखते हैं।

सिद्धारमैया ने कहा कि हमारी सरकार कर्नाटक के 7 करोड़ लोगों के प्रति जवाबदेह है। इसलिए भगदड़ मामले में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ प्रारंभिक कार्रवाई की गई है। सेवानिवृत्त न्यायाधीश के नेतृत्व में व्यापक और निष्पक्ष जांच की जा रही है।

# क्या भाजपा कुख्यात माफिया दाऊद इब्राहिम को भी पार्टी में शामिल करेगी?: हर्षवर्धन सपकाल



**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी खुद को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी मानती है, लेकिन जो पार्टी खुद को शक्तिशाली दिखाने की कोशिश करती है, वह अब किसी को भी पार्टी में शामिल कर रही है। अब तक जिन लोगों पर भाजपा ने भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे, उन्हीं को सम्मानपूर्वक पार्टी में शामिल किया गया और मंत्रीपद भी सौंपा गया। अब तो भाजपा ने सारी सीमाएं पार कर दी हैं। जिस व्यक्ति पर माफिया दाऊद इब्राहिम से संबंध होने का आरोप था, उसी को सम्मानपूर्वक भाजपा में शामिल किया गया। अब क्या भाजपा दाऊद को भी पार्टी में शामिल करेगी? ऐसा तीखा सवाल महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने उठाया है।

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि किसे पार्टी में शामिल करना है, यह उस पार्टी का मामला है, लेकिन जब आप हिंदुत्व की बातें करते हैं, तो आपको यह भी सोचना चाहिए कि आप खुद क्या कर रहे हैं। भाजपा विधायक नितेश राणे ने विधानसभा में आरोप लगाया था कि नासिक के सुधाकर बडगुजर ने दाऊद के गुर्गे सलीम कुत्ता के लिए पार्टी रखी थी। उन्होंने विधानसभा में पार्टी में नाचते हुए फोटो भी दिखाए थे और कार्रवाई की मांग की थी। लेकिन अब वही भाजपा कह रही है कि उन्होंने हिंदुत्व स्वीकार कर लिया है, इसलिए उनका स्वागत है। इसका मतलब कल अगर दाऊद भी हिंदुत्व स्वीकार कर ले, तो क्या भाजपा उसे भी पार्टी में शामिल कर लेगी? भाजपा खुद को 'पार्टी विथ डिफरेंस' कहती है, लेकिन आज यह पार्टी गुंडों, मवालियों और भ्रष्टाचारियों से भर गई है। मुंबई में 1993 के बम धमाकों के आरोपी और दाऊद के साथी इकबाल मिर्ची से जुड़े संपत्ति लेनदेन मामले में जो नाम पूर्व मंत्री प्रफुल्ल पटेल पर लगे, उन्हीं की राष्ट्रवादी पार्टी के साथ भाजपा सत्ता में साझेदार बनी हुई है। भाजपा ने प्रफुल्ल पटेल को 'वॉशिंग मशीन' में डालकर साफ कर दिया है। भाजपा का हिंदुत्व दिखावा है, यह हम लगातार कहते आ रहे हैं, और आज भी वही बात साबित हुई है। हर्षवर्धन सपकाल ने यह भी कहा कि सुधाकर बडगुजर के पार्टी प्रवेश की जानकारी भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष और कार्याध्यक्ष को दोपहर तक भी नहीं थी। फिर यह सवाल उठता है कि भाजपा पार्टी को असल में चला कौन रहा है?

# टेस्ट क्रिकेट में बड़े बदलाव के लिए तैयार आईसीसी, भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड को छूट

**लंदन (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) 2027-29 के विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (WTC) चक्र में छोटे देशों के लिए चार दिवसीय टेस्ट मैचों को मंजूरी देने के लिए तैयार है, लेकिन भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड तब भी परंपरागत रूप से चले आ रहे पांच दिवसीय मैच खेल सकते हैं। यहां एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

मैचों की संख्या एक दिन कम करने का कदम एक महत्वपूर्ण बदलाव होगा और इससे छोटे देशों को अधिक टेस्ट और लंबी अवधि की श्रृंखलाएं खेलने में मदद मिलेगी। एक रिपोर्ट में कहा गया है, 'पिछले सप्ताह लॉर्ड्स में WTC फाइनल के दौरान चर्चा में आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने 2027-29 के WTC चक्र के लिए चार दिवसीय टेस्ट के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया था।'

रिपोर्ट में कहा गया है, 'इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और भारत को तब भी एशेज, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी और एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए पांच दिवसीय मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलने की अनुमति होगी। एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी की शुरुआत शुक्रवार को हेडिंग्ले में इंग्लैंड और भारत के बीच पहले टेस्ट मैच के साथ होगी।'

आईसीसी ने पहली बार 2017 में द्विपक्षीय मुकाबलों के लिए चार दिवसीय टेस्ट को मंजूरी दी थी। इंग्लैंड ने 2019 और 2023 में आयरलैंड के खिलाफ चार दिवसीय टेस्ट के बाद पिछले महीने ट्रेंट ब्रिज में जिम्बाब्वे के खिलाफ भी चार दिवसीय टेस्ट मैच खेला था। रिपोर्ट के अनुसार, 'कई छोटे देश समय और लागत के कारण टेस्ट मैचों की मेजबानी करने में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं, लेकिन चार दिवसीय टेस्ट मैच शुरू होने से तीन टेस्ट मैचों की पूरी श्रृंखला तीन सप्ताह से भी कम समय में खेली जा सकेगी।'

इसमें कहा गया है, 'समय को बर्बाद करने से बचने के लिए चार दिवसीय टेस्ट मैचों में खेल के समय को 90 ओवर प्रतिदिन से बढ़ाकर न्यूनतम 98 ओवर कर दिया गया है।' रिपोर्ट में कहा गया है, 'पिछले सप्ताह लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रोमांचक फाइनल में विश्व चैंपियन बनने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका के नीरस कार्यक्रम ने इस मुद्दे को और उजागर किया और इसके बाद बदलाव की जरूरत महसूस की गई।' हालांकि 2025-27 की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप पांच दिवसीय मैचों के मौजूदा प्रारूप के तहत ही खेली जाएगी।




# अवैध सट्टेबाजी ऐप्स प्रमोशन मामले में हरभजन, सहित इन तीन क्रिकेटरों पर ईडी ने शिकंजा कसा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह , हरभजन सिंह और सुरेश रैना के लिए अवैध सट्टेबाजी ऐप्स का प्रमोशन करना महंगा पड़ सकता है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इन अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप्स की जांच तेज कर दी है। एक रिपोर्ट के अनुसार इस जांच में क्रिकेटरों के अलावा अभिनेत्री उर्वशी रौतेला और अभिनेता सोनू सूद से भी पूछताछ की जा रही है। यह जांच एक प्रतिबंधित प्लेटफॉर्म के प्रचार से जुड़ी है। ईडी का मानना है कि ये प्लेटफॉर्म भ्रामक विज्ञापन और गलत तरीकों से लोगों से पैसा ऐंठ रहा है।

जांच में पता चला है कि ये प्लेटफॉर्म गलत तरीक का इस्तेमाल कर विज्ञापन करते हैं। ये वेब लिंक और क्यू आर कोड के जरिए यूजर्स को असली अवैध सट्टेबाजी साइटों पर भेजते हैं। ईडी के अनुसार, यह भारतीय कानूनों का उल्लंघन है। वहीं ये ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म खुद को स्किल-आधारित गेम बताते हैं पर ये असल में धोखेबाजी के लिए रिग्ड एल्गोरिदम का इस्तेमाल करते हैं। इसलिए, ये जुए के दायरे में आते हैं। प्रवर्तन निदेशालय के अनुसार इस प्रकार के प्रतिबंधित प्लेटफॉर्म सेलिब्रिटीज का सहारा लेकर लोगों को गुमराह करते हैं।

शुरुआती जांच में कई कानूनों सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम धन शोधन निवारण अधिनियम के उल्लंघन की बात सामने आयी है। रिपोर्ट के अनुसार, हरभजन सिंह और सुरेश रैना और उर्वशी रौतेला व सोनू सूद के प्रतिनिधियों ने अब तक इसपर कोई जवाब नहीं दिया है। जांच में यह भी पता चला है कि इन विज्ञापन अभियानों को चलाने के लिए विभिन्न कंपनियों को 50 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, भारत में अवैध सट्टेबाजी ऐप का कारोबार लगातार बढ़ते हुए 100 अरब डॉलर से अधिक का हो गया है।

# एक मैच में तीन सुपर ओवर, नीदरलैंड ने नेपाल को हराकर नया रिकॉर्ड बनाया



**ग्लासगो (एजेंसी)।** नीदरलैंड ने यहां टी20 अंतरराष्ट्रीय त्रिकोणीय क्रिकेट श्रृंखला के मैच में नेपाल को तीसरे सुपर ओवर में हरा कर नया रिकॉर्ड बनाया। टी20 या लिस्ट ए क्रिकेट के इतिहास में यह पहला अवसर है जबकि किसी मैच का परिणाम तीसरे सुपर ओवर में निकला। माइकल लेविट ने सोमवार की रात को खेले गए इस मैच में तीसरे सुपर ओवर में छक्का लगाकर आखिर में नीदरलैंड को जीत दिलाई।

नीदरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 152 रन बनाए। एक समय उसकी जीत सुनिश्चित लग रही थी क्योंकि नेपाल को आखिरी ओवर में 16 रन चाहिए थे। नेपाल के निचले क्रम के बल्लेबाज नंदन यादव ने हालांकि अंतिम ओवर में दो चौके लगाए। उन्होंने आखिरी गेंद पर भी चौका लगाया जिससे नेपाल आठ विकेट पर 152 रन बनाकर स्कोर बराबर करने में सफल रहा। कुशाल भुर्टेल ने 18 रन बनाकर नेपाल को पहले सुपर ओवर में 19 रन तक पहुंचाया लेकिन नीदरलैंड के सलामी बल्लेबाज मैक्स ओडॉव ने पांचवीं और छठी गेंद पर क्रमशः छक्का और चौका लगाकर स्कोर बराबर कर दिया। नीदरलैंड ने दूसरे सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी की और 17 रन बनाए। लेकिन नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी ने काइल क्लेन की आखिरी गेंद को छक्के के लिए भेज कर मैच को नए मोड़ पर खड़ा कर दिया। नेपाल तीसरे सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए एक भी रन नहीं बना पाया। नीदरलैंड के ऑफ स्पिनर जैक लायन कैशेट ने चार गेंदों में बिना कोई रन दिए दो विकेट लेकर नेपाल का ओवर जल्दी समाप्त कर दिया। नीदरलैंड को इस तरह से मैच जीतने के लिए सिर्फ एक रन की जरूरत थी, ऐसे में लेविट ने संदीप लामिछाने के ओवर की पहली गेंद पर छक्का जड़कर मैच का शानदार अंत किया। मेजबान स्कॉटलैंड टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला की तीसरी टीम है।

# स्मृति मंधाना वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में फिर शीर्ष पर पहुंची




**दुबई (एजेंसी)।** भारत की उप-कप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) की एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में 2019 के बाद पहली बार शीर्ष स्थान पर पहुंच गईं। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने ताजा अपडेट में 19 रेटिंग अंक गंवाए जिसका फायदा भारतीय बल्लेबाज को मिला। मंधाना के कुल 727 रेटिंग अंक हैं।

उनके बाद इंग्लैंड की कप्तान नताली साइवर-ब्रंट 719 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वोलवार्ट अब 719 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। मंधाना के बाद इस सूची में अगली दो भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स और कप्तान हरमनप्रीत कौर हैं, जो क्रमशः 14वें और 15वें स्थान पर हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच इस महीने के आखिर में पांच टी-20 और तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी।

मंधाना हाल के दिनों में वनडे बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष 10 में शामिल रही हैं, लेकिन बाएं हाथ की यह बल्लेबाज 2019 की शुरुआत से शीर्ष स्थान पर नहीं पहुंच पाई थी। भारतीय सलामी बल्लेबाज हाल ही में शानदार फॉर्म में हैं और उन्होंने कोलंबो में श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली गई त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में शतक बनाया था। इससे उन्हें अपनी रैंकिंग में सुधार करने में मदद मिली। मंधाना टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की सूची में भी चौथे स्थान पर हैं।

# वैभव को अभी भारतीय टीम में जगह के लिए करना होगा इंतजार: वेंकटपति राजू

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी और दूसरा सबसे तेज शतक लगाकर क्रिकेट जगह में अपनी अलग पहचान बनाने वाले 14 साल के वैभव सूर्यवंशी की तुलना महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर से की जाने लगी है। ये भी कहा जा रहा है कि जो काम सचिन ने 16 से 17 में किया। वहीं वैभव 14-15 साल में कर लेना चाहते हैं। ऐसे में अब क्रिकेट प्रशंसक चाहते हैं कि वैभव को भारतीय टीम में जगह मिले। वहीं इसी को लेकर पूर्व स्पिनर और चयनकर्ता वेंकटपति राजू का कहना है कि इस क्रिकेटर को अभी टीम इंडिया में प्रवेश के लिए इंतजार करना होगा। साथ ही कहा कि उनकी सचिन से तुलना नहीं की जा सकती है। वैभव अभी इंडिया अंडर-19 टीम के साथ इंग्लैंड दौरे पर गए हुए हैं। महज 14 की उम्र में उन्होंने अपने प्रदर्शन से क्रिकेट प्रशंसकों को हैरान किया है। आईपीएल में 35 गेंदों पर शतक के बाद वैभव ने इंडिया अंडर-19 के अभ्यास मैच में भी 90 गेंद में 190 रन की पारी खेलकर सभी को हैरान कर दिया था।

राजू ने कहा कि वैभव को भारतीय टीम की जर्सी में देखने के लिए हमें अभी और इंतजार करने की जरूरत है। इस स्पिनर ने कहा, 'हां, वह अभी काफी समय लेगा। उसे अंडर-19 विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। बीच में घरेलू क्रिकेट में लगातार रन बनाने होंगे। 4 दिन के मैच में अच्छा करना होगा। हम उसे समय दे सकते हैं। उसमें प्रतिभा है, यह हम पहले ही देख चुके हैं पर सचिन से तुलना को वह ठीक नहीं मानते। उन्होंने भारत के लिए खेलने से पहले सचिन तेंदुलकर के घरेलू क्रिकेट में प्रदर्शन का खास तौर पर जिक्र किया।



राजू ने कहा, यह निरंतरता पर निर्भर करता है। सचिन ने रणजी ट्रॉफी के डेब्यू मैच में शतक लगाया था। इसके बाद दलीप ट्रॉफी के डेब्यू मैच में शतक लगाय। शेष भारत के लिए शतक बना। वहीं ईरानी ट्रॉफी 1989 के अपने पहले मैच में भी सचिन ने शतक लगाया था।


# तेज गेंदबाज हर्षित राणा भारतीय टीम में शामिल

लंदन। तेज गेंदबाज हर्षित राणा को एक बदलाव के तहत ही इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरु आगामी टेस्ट सीरीज के लिए अपनी 18 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। हर्षित राणा ने इंडिया ए की और से अच्छा प्रदर्शन किया था जिसके बाद उन्हें टीम के साथ रुकने के लिए कहा गया था। तभी से संकेत मिलने लगे थे कि हर्षित को टीम में जगह मिलेगी। एक रिपोर्ट के अनुसा हर्षित भारतीय टीम में शामिल हो गए हैं। सीरीज का पहला मैच 20 जून को लीड्स में शुरू होगा। माना जाता है कि लीड्स की पिच से स्पिनरों की तुलना में तेज गेंदबाजों को अधिक मदद मिलती है, जिसके कारण भारतीय टीम पांच गेंदबाजी विकल्प के साथ उतर सकती है, ऐसे में हर्षित को अंतिम ग्यारह में भी जगह मिल सकती है। भारतीय टीम में तेज गेंदबाज के तौर पर जसप्रीत बुमराह, प्रसिद कृष्णा, मोहम्मद सिराज, आकाशदीप और अर्शदीप शामिल हैं पर बुमराह तीन ही मैच खेल सकेंगे और शायद इसी कारण हर्षित को विकल्प के रूप में टीम में जोड़ा गया है। वह मुख्य कोच गौतम गंभीर के पसंदीदा खिलाड़ियों में भी शामिल हैं। राणा ने हाल ही में इंडिया ए की ओर से पहले अनाधिकृत टेस्ट में 27 ओवर गेंदबाजी की थी और एक विकेट लिया था।



**भारतीय टीम इस प्रकार है** - शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जड़ेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद। सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव।

# रोहित और विराट की कप्तानी में खेलने से काफी कुछ सीखने को मिला : शुभमन



लंदन। इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टीम की कप्तानी करने जा रहे युवा बल्लेबाज शुभमन गिल का कहना है कि उनके पास रोहित शर्मा और विराट कोहली की कप्तानी में खेलने का अनुभव है और इससे उन्हें काफी कुछ सीखने को मिला है जिसका लाभ उन्हें सीरीज में मिलेगा। शुभमन ने कहा कि कैसे रोहित मैच के दौरान साथी खिलाड़ियों को जो कुछ भी कहते थे कोई नाराज नहीं होता था। वही कोहली के पास हमेशा एक बैकअप विकल्प हुआ करता था। शुभमन के अनुसार कोहली कप्तान के तौर पर मैदान में हमेशा आक्रामक रहते थे। गेंदबाजों की सहायता के लिए उनके पास हमेशा योजना होती थी। शुभमन ने कहा, 'जब मैं विराट की कप्तानी में खेलता था तो टेस्ट मैच के दौरान मैदान में उनके आक्रामक रुख और विचारों को सोच को पसंद करता था और उसने सीखता था। वहीं अगर उन्हें लगता था कि यह ठीक है, यह योजना काम नहीं कर रही तो वह तुरंत एक दूसरी योजना रखते थे, गेंदबाजों को बताते थे कि वह उनसे क्या चाहते हैं।' वहीं रोहित की कप्तानी पर शुभकन ने कहा कि आप को ऐसा लग सकता है कि वह मैदान में आक्रामक नहीं दिखते पर जब रणनीति की बात हो तो वह बहुत ही ज्यादा आक्रामक थे। साथ ही कहा, देखने में यह लग सकता है कि रोहित शांत हैं लेकिन वह अपनी रणनीतियों को लेकर बहुत ही आक्रामक हो सकते हैं। वह बहुत ही आक्रामक कप्तान हैं। वह मैच से पहले, सीरीज के दौरान और यहां तक कि सीरीज के बाद भी साफ–साफ बता देते थे कि वह खिलाड़ियों से क्या चाहते हैं।

# बीसीसीआई मुझे टेस्ट कप्तान बनाना चाहता था, मैंने इनकार कर दिया, जसप्रीत बुमराह ने पुष्टि की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट से संन्यास के बाद भारत की टेस्ट कप्तानी जसप्रीत बुमराह को मिलने की खबरें थी। लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट दौरे के लिए शुभमन गिल को कप्तान बनाया गया है। क्या इस बारे में बुमराह से पूछा गया, इस बारे में अटकलें लगाई जा रही थी और अब इस पर खुद बुमराह ने चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि बीसीसीआई उन्हें टेस्ट कप्तान बनाना चाहता था, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया।

पूर्व भारतीय क्रिकेटर दिनेश कार्तिक के साथ बातचीत में जसप्रीत बुमराह ने बताया कि वह टेस्ट कप्तान क्यों नहीं बने। पीठ की बार-बार चोट लगने के कारण बुमराह पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेल सकते हैं। वह इंग्लैंड में केवल तीन मैच ही खेल पाए थे। इसलिए उन्होंने इस दौड़ से बाहर होने का फैसला किया ताकि टीम इंडिया को नुकसान न हो।

सप्रीत बुमराह ने एक इंटरव्यू में दिनेश कार्तिक को बताया, इसमें कोई आकर्षक कहानी नहीं है, कोई विवाद नहीं है या कोई हेडलाइनिंग बयान नहीं है, या मुझे बर्खास्त कर दिया गया या मेरी देखभाल नहीं की गई। आईपीएल के दौरान रोहित और विराट के रिटायर होने से पहले मैंने बीसीसीआई से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में अपने कार्यभार के बारे में बात की थी। मैंने बीसीसीआई को फोन किया और उनसे कहा कि मैं नेतृत्व की भूमिका में नहीं देखा जाना चाहता।'

बुमराह ने कहा, 'मैंने उन लोगों से बात की थी जिन्होंने मेरी पीठ (चोट) का इलाज किया था, जिसमें सर्जन भी शामिल थी। उन्होंने हमेशा मुझे बताया था कि मुझे कार्यभार के बारे में कितना होशियार रहना है। इसलिए, हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि मुझे थोड़ा होशियार होना होगा। मैं सभी टेस्ट मैच नहीं खेल पाऊंगा। फिर बीसीसीआई मुझे नेतृत्व की भूमिका के लिए देख रहा था। लेकिन मैंने कहा कि यह टीम के लिए उचित नहीं है। आप पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए एक कप्तान और तीन या दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए अलग कप्तान नहीं रख सकते।'



# आईसीसी के खिताबी मुकाबलों में अब तक चार बार हारी है ऑस्ट्रेलिया




मुम्बई। अब तक सबसे अधिक आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम को भी चार बार फाइनल में हार का सामना करना पड़ा है। ऑस्ट्रेलियाई टीम आईपीसी टूर्नामेंट में खेलते समय बेहद जुनूनी और आक्रामक हो जाती है जो उसकी सफलता का राज माना जाता है। इसी कारण उसे अन्य टीमों से काफी अधिक सफलता मिली है। ऑस्ट्रेलिया के पास आईसीसी की सबसे ज्यादा ट्रॉफी हैं क्योंकि उसने सबसे अधिक फाइनल खेले हैं हालांकि इसके बाद भी उसे इस बार आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2025 के फाइनल में कमजोर समझी जाने वाली दक्षिण अफ्रीका से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले तीन बार और ऑस्ट्रेलिया की टीम आईसीसी इवेंट के फाइनल में हारी झेलनी पड़ी है। ऑस्ट्रेलिया की टीम सबसे पहली बार आईसीसी टूर्नामेंट के पहले फाइनल में 1975 में वेस्टइंडीज से हारी थी। ये अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का पहला एकदिवसीय विश्वकप था। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया एकमात्र टीम है, जिसने इन 50 सालों में सबसे ज्यादा फाइनल खेले हैं और उसे कुछ में ही हार का सामना करना पड़ा है। सबसे ज्यादा फाइनल जीते हैं, लेकिन सबसे कम फाइनल हारे हैं। साल 1975 के बाद ऑस्ट्रेलिया की टीम दूसरी बार आईसीसी एकदिवसीय विश्वकप फाइनल 1996 में श्रीलंका से हारी थी। ये दूसरा अवसर था, जब ऑस्ट्रेलिया को किसी मेगा इवेंट के खिताबी मैच में करारी हार मिली थी। इसके बाद 2010 तक कंगारु टीम कोई भी फाइनल नहीं हारी। इस दौरान कई आईसीसी इवेंट वह जीती। साल 2010 में तीसरी बार आईसीसी इवेंट के फाइनल में ऑस्ट्रेलियाई टीम हारी। ये टी20 विश्वकप फाइनल इंग्लैंड के खिलाफ हुआ था। इस प्रकार उसे तीसरी बार फाइनल में हार मिली। है, जो डब्ल्यूटीसी 2025 का फाइनल था। ऑस्ट्रेलिया ने अब तक कुल 10 आईसीसी इवेंट जीते हैं, जबकि भारतीय टीम ने 7 ट्रॉफी जीती हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 6 एकदिवसीय विश्वकप, दो चैंपियंस ट्रॉफी और एक–एक टी20 विश्व कप और टेस्ट चैंपियनशिप जीती हैं।

# 5वां केयर्न्स कप शतरंज : हंपी नें हरिका को हराया, बनाई एकल बढ़त




सेंट लुइस। यूएसए में चल रही दुनिया की सबसे मज़बूत महिला प्रतियोगिताओं में से एक केयर्न्स कप केछठे राउंड में भारत की दोनों महिला खिलाड़ी विश्व रैपिड चैम्पियन कोनेरु हम्पी और हरिका द्रोणावल्ली के बीच मुक़ाबला हुआ, क्यूंकी दोनों सयुंक्त बढ़त पर चल रही थी यह मुक़ाबला बेहद महत्वपूर्ण था और ऐसे में देश की नंबर एक खिलाड़ी और कोनेरु हम्पी का पडला देश की नंबर 2 खिलाड़ी हरिका पर भारी रहा और लगातार प्रतियोगिता में अपनी तीसरी जीत दर्ज करते हुए कोनेरु हम्पी नें 6 राउंड के बाद 4.5 अंक बनाकर एकल बढ़त कायम कर ली है। इस जीत के साथ ही हम्पी विश्व रैंकिंग में 2554 अंको पर पहुँच गयी है एक और जीत उन्हे विश्व नंबर 3 पर फिर से पहुंचा देगी फिलहाल वह चीन की लेई टिंगजे से ठीक पीछे चौंथे स्थान पर है। दोनों के बीच केटालन ओपनिंग में हुए इस मुक़ाबले में हम्पी नें शानदार मध्य खेल और एंडगेम का प्रदर्शन किया और 76 चालों तक चले मुक़ाबले में पहले हाथी और फिर अपने वजीर के शानदार खेल से जीत दर्ज की। खैर यह दिन सिर्फ इसी मुक़ाबले के लिए परिणाम लाने वाला नहीं रहा, इस राउंड में खेले गए हर मुक़ाबले में परिणाम जीत और हार के तौर पर ही आया जिसनें टूर्नामेंट में एक नई जान फूँक दी है। अन्य परिणामों में यूएसए की यिप करिसा नें चीन की तान ज़्होंगाई को पराजित किया तो कज़ाकिस्तान की असुबाएवा बीबीसारा नें यूएसए की ली ऐलिस को मात दी, पोलैंड की अलिना काशलिन्सक्या नें उक्रेन की मारिया मुजयचूक को मात दी जबकि जॉर्जिया की नाना दगनिडजे नें हमवतन नीनों बताश्विली को पराजित किया। राउंड 6 के बाद हम्पी 4.5, अलिना 4, हरिका, यिप और ऐलिस 3.5, बीबीसारा 3, नाना 2.5, मारिया और तान 2 जबकि नीनों 1.5 अंक बनाकर खेल रही है।

# डबल्यूआर चैस ने जीता फीडे विश्व टीम ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप का खिताब जीता

**लंदन (एजेंसी)।** फीडे विश्व टीम ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप 2025 के फाइनल मुकाबले में ड्ब्रुक्रचेस टीम ने कज़चेस को दोनों मैचों में 4-2 से हराकर विश्व टीम ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप का खिताब दूसरी बार अपने नाम किया। इससे पहले उन्होंने 2024 में कजाकिस्तान में यह खिताब जीता था।

तीन दिवसीय प्रतियोगिता के नॉकआउट चरण में 53 टीमों में से शीर्ष 16 टीमों ने जगह बनाई थी, जिसमें प्री-क्वार्टर फाइनल, क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले गए। हर मुकाबले में टीमों के बीच कम से कम दो मैच हुए, और बराबरी की स्थिति में प्लेऑफ मुकाबले भी कराए गए।

### फाइनल मुकाबले में चमके डबल्यूआर के सितारे

डबल्यूआर चेस ने दोनों फाइनल मैचों में 4-2 से जीत दर्ज की। अलीरेज़ा फिरोजा, हिकारु नाकामुरा और मैक्सिम वाचिए-लाग्रेव ने निर्णायक जीत दर्ज कर टीम को खिताबी जीत दिलाई।

टीम को बिग बेन और शतरंज मोहरे के मिश्रण से प्रेरित ट्रॉफी के साथ $75,000 की पुरस्कार राशि भी मिली।

### तीसरा स्थान हेक्सामाइंड को

भारतीय सितारों विदित गुजराती और दिव्या देशमुख से सजी हेक्सामाइंड चेस क्लब ने उज्बेकिस्तान की टीम को दोनों मैचों में 3.5-2.5 से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं रैपिड विजेता भारत की एमजीडी 1 ने फ्रीडम टीम को हराकर पांचवां स्थान हासिल किया। समापन समारोह में विश्व रैपिड टीम विजेता भारत की एमजीडी1 को भी विश्व विजेता की ट्रॉफी दी गयी।

### समापन समारोह में आनंद का संबोधन

समापन समारोह में फीडे के उपाध्यक्ष और पूर्व विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने सभी 53 टीमों को बधाई दी। उन्होंने कहा, ÷विश्व रैपिड और ब्लिट्ज टीम जैसे टूर्नामेंट और वर्ल्ड कॉर्पोरेट चैम्पियनशिप जैसी पहलें इस खेल को दुनिया से जोड़ने का माध्यम बन रही हैं, और फीडे भविष्य में ऐसे और आयोजनों को लेकर प्रतिबद्ध है।÷




# एकदिवसीय विश्वकप के बाद खेल को अलविदा कह देगीं सोफी डिवाइन

ऑकलैंड। न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम की कप्तान सोफी डिवाइन ने कहा कि आगामी महिला विश्व कप क्रिकेट के बाद वह एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगी हालांकि वह टी20 क्रिकेट खेलती रहेंगी। एकदिवसीय विश्वकप इस साल के अंत में भारत और श्रीलंका में संयुक्त रुप से खेला जाएगा। आयोजित किया जाएगा। अपने 19 साल के शानदार करियर के दौरान डिवाइन महिला क्रिकेट में सबसे अच्छे ऑलराउंडरों में से एक मानी जाती हैं। साल 2006 में 17 साल की उम्र में डिवाइन ने न्यूजीलैंड की महिला टीम के लिए एकदिवसीय में डेब्यू किया था। वह सबसे अधिक एकदिवीसय खेलने के मामले में सूजी बेट्स के बाद दूसरे स्थान पर हैं। एकदिवसीय प्रारूप में उनके नाम 3990 रन हैं और वह सबसे अधिक रन बनाने वाले चौथी खिलाड़ी हैं। उन्हें डेबी हॉकले के 4000 रन के रिकार्ड को तोड़ने की उम्मीद है। डिवाइन के नाम 107 विकेट हैं और वह न्यूजीलैंड की ओर से सबसे अधिक एकदिवसीय विकेट लेने वालों में दूसरे स्थान पर हैं। वह 2020 में कप्तान बनीं और उनकी कप्तानी में टीम साल 2022 में राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य जीतने के साथ ही पहली बार आईसीसी महिला टीम 20 विश्व कप जीतने में सफल रही





# आमिर खान की 3 इडियट्स को नकारने पर काजोल ने रखी राय

काजोल इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म मां को लेकर चर्चा में हैं। ऐसे में उन्होंने बताया है कि वह किस तरह से फिल्में चुनती हैं। काजोल ने बताया है कि उन्हें कई फिल्मों में काम करने के लिए ऑफर मिले हैं और कुछ फिल्मों को उन्हें ठुकराना पड़ा जो बाद में ब्लॉकबस्टर बन गईं। हाल ही में पिंकविला से बातचीत में, उन्होंने खुलासा किया कि उन्होंने आमिर खान और राजकुमार हिरानी की 3 इडियट्स को ठुकरा दिया था। हालांकि, काजोल को फिल्मों को ठुकराने का कोई पछतावा नहीं है। उनके मुताबिक अगर उन्हें स्क्रिप्ट पसंद नहीं आती है तो वे मना करने से पहले ज्यादा नहीं सोचती हैं।

## फिल्मों को रिजेक्ट करने से पहले नहीं सोचतीं काजोल

बातचीत में काजोल ने कहा कई बार ऐसा होता है। इसका सबसे अच्छा उदाहरण 3 इडियट्स है काजोल ने कहा मुझे फिल्मों को ठुकराने का कोई पछतावा नहीं है। मुझे लगता है कि ये फिल्में उनकी हैं। जैसा कि कहा जाता है कि जिसका लिखा हुआ है उसको मिलता है। तो, मुझे लगता है कि मैंने उन फिल्मों के बिना भी अपने लिए बहुत अच्छा किया है।

## 3 इडियट्स को लोगों ने सराहा

साल 2009 में रिलीज हुई फिल्म 3 इडियट्स को लोगों ने खूब सराहा था। फिल्म का निर्देशन राजकुमार हिरानी ने किया था। यह फिल्म चेतन भगत के उपन्यास फाइव पॉइंट समवन पर आधारित है। आमिर खान, आर माधवन और शर्मन जोशी की अदाकारी वाली यह फिल्म भारत की शिक्षा व्यवस्था पर हमला करती है। यह फिल्म नौजवानों के दिमाग में जगह बनाने में कामयाब रही। फिल्म में करीना कपूर ने अच्छी अदाकारी की थी।

## काजोल को मिल रही थी पिया की भूमिका

फिल्म में पिया की भूमिका करीना कपूर ने निभाई है। काजोल ने पिया की भूमिका को अस्वीकार कर दिया, लेकिन करीना कपूर के किरदार ने दुनियाभर में कई लोगों का दिल जीत लिया। हाल ही में करीना ने खुलासा किया कि हॉलीवुड फिल्म निर्माता स्टीवन स्पीलबर्ग ने न केवल 3 इडियट्स देखी है, बल्कि फिल्म में उनके अभिनय की भी सराहना की है।

## मां में नजर आएंगी काजोल

इस बीच, काजोल अगली बार फिल्म मां में नजर आएंगी। फिल्म का निर्देशन विशाल फुरिया ने किया है। यह हॉरर फिल्म है। फिल्म में काजोल अपनी बेटी को राक्षसों से बचाती हैं। कहा जाता है कि इस फिल्म का अजय देवगन और आर माधवन की फिल्म शैतान से कनेक्शन है। अजय देवगन भी इस फिल्म के निर्माताओं में से एक हैं।



# बॉलीवुड की दुनिया में कदम रखते ही छा गईं दिशा पाटनी

## 10 साल के करियर में कीं 12 फिल्में

दिशा पाटनी सोशल मीडिया पर अक्सर अपनी खूबसूरती की वजह से छाई रहती हैं। इसके अलावा उनका फिल्मी करियर भी शानदार रहा है। लगभग 10 वर्षों से सिनेमाई दुनिया में अभिनेत्री अपने अभिनय का जादू बिखेर रही हैं। आज 13 जून को एक्ट्रेस अपना 33वां जन्मदिन मना रही हैं। इस मौके पर हम जानेंगे उनके फिल्मी करियर के बारे में।

तेलुगु फिल्म से रखा फिल्मी दुनिया में कदम बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी ने अपने सिनेमाई करियर की शुरुआत साल 2015 में एक तेलुगु फिल्म लोफर से की थी। इस फिल्म का निर्देशन पुरी जगन्नाथ द्वारा किया गया था, जिसमें अभिनेत्री ने मौनी का किरदार निभाया था। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई थी। इस फिल्म में वरुण तेजा भी मुख्य भूमिका में थे। शुरुआती करियर में ही अभिनेत्री को खराब दिनो का सामना करना पड़ा।

साल 2016 में अभिनेत्री एम एस धोनी- द अनटोल्ड स्टोरी फिल्म में नजर आईं। यह उनकी दूसरी और बॉलीवुड इंडस्ट्री में पहली फिल्म थी। सुशात सिंह राजपूत अभिनीत यह फिल्म भारतीय क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी के संघर्षों पर बनी थी। फिल्म में अभिनेत्री ने प्रियंका झा की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म को दर्शकों द्वारा खूब पसंद किया था। वहीं बजट की बात करें तो, 104 करोड़ रुपये में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर लगभग 200 करोड़ रुपये कमाए थे। फिल्म में शानदार अभिनय के लिए अभिनेत्री को कई अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। इसी कड़ी में उन्हें बेस्ट फिमेल डेब्यू का भी खिताब मिला था।

## अलग-अलग अंदाज में दिखीं दिशा

अपनी दूसरी फिल्म की सफलता के बाद दिशा पाटनी, जैकी चैन की फिल्म कुंग फू योगा में नजर आईं। इस फिल्म में एक्ट्रेस ने अशिमता की भूमिका अदा की थी। इस फिल्म को भी विश्व स्तर खूब पहचान मिली। इसके बाद अभिनेत्री बागी 2, भारत, मलंग, बागी 3, राधे जैसी कई फिल्मों में नजर आईं। फिर साल 2024 में अभिनेत्री कल्कि 2898 एडी फिल्म में दिखीं, यह फिल्म स्टार कलाकारों से सजी थी, जिसमें अमिताभ बच्चन, रणबीर कपूर, प्रभास, कमल हासन, दीपिका पादुकोण आदि शामिल थे। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन करते हुए खूब पैस कमाए थे। अपने फिल्मी करियर के दौरान अभिनेत्री ने सिर्फ कुछ ही हिट फिल्में दी हैं। हालांकि, उन्हें ज्यादातर ग्लैमरस अंदाज के लिए जाना जाता है।

## दिशा पाटनी की आगामी फिल्में

अभिनेत्री की आगामी फिल्मों की बात करें तो उन्हें वेलकम टू द जंगल बुक में देखा जाएगा। इस फिल्मी की शूटिंग जोरो-शोरों से चल रही हैं।



# नितेश तिवारी की फिल्म रामायण में नजर आ सकते हैं विवेक ओबेरॉय

र णबीर कपूर स्टारर फिल्म रामायण इन दिनों लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। निर्देशक नितेश तिवारी इस मेगा प्रोजेक्ट को बड़े स्तर पर तैयार कर रहे कई हैं और अब तक इससे जुड़ी चुकी है बड़ी अपडेट्स सामने आ हैं। हाल ही में खबर आई कि विवेक ओबेरॉय भी इस फिल्म की कास्ट का हिस्सा बन सकते हैं। वे फिल्म में राक्षस योद्धा विद्युतजिह्वा के किरदार में दिखेंगे, जो रावण (यश) के साथ युद्ध में नजर आएंगे। फिल्म में शूर्पणखा का किरदार रकुलप्रीत सिंह निभा रही हैं। यानी विवेक इस फिल्म  में उनके अपोजिट नजर आएंगे। इससे पहले अफवाहें थीं कि अनिल कपूर और विक्रांत मैसी भी फिल्म में अहम भूमिकाएं निभाने वाले हैं, जहां अनिल को राजा जनक और विक्रांत को मेघनाद बताया गया था। हालांकि, अब यह स्पष्ट हो चुका है कि ये खबरें केवल अफवाह थीं। बता दें कि फिल्म को दो पार्ट में रिलीज किया जाएगा।



# वामिका गब्बी ने 38 घंटों तक किया काम, दीपिका पादुकोण की मांग पर रखी राय

दीपिका पादुकोण और रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल के निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा हाल ही में तब सुर्खियों में आए जब दीपिका ने संदीप रेड्डी वांगा के सेट पर आठ घंटे काम करने की मांग की। कथित तौर पर, फिल्म निर्माता ने उनकी मांगों को खारिज कर दिया। इसके बाद उन्हें फिल्म स्पिरिट से हटना पड़ा। हालांकि, इस मामले ने एक नई बहस को जन्म दिया है। अब इस मामले पर वामिका गब्बी ने भी कुछ कहा है। आइए जानते हैं।

वामिका गब्बी के मुताबिक उन्होंने लगातार 38 घंटे काम किया है। यह तब हुआ जब वह मॉडर्न लव- मुंबई और जुबली की शूटिंग में व्यस्त थीं। हाल ही में भूल चुक माफ में राजकुमार राव के साथ नजर आईं अभिनेत्री ने जूम के साथ बातचीत के दौरान यह बात कबूल की। उन्होंने अपने फिल्म निर्माताओं को बताए बिना 38 घंटे काम किया। उन्होंने कहा मैंने तीन शिफ्टों में 38 घंटे भी काम किया है। मैं इसे खुशी से कर रही हूं क्योंकि यह मेरे करियर की शुरुआत है और मेरे पास इसे करने के लिए पूरी ऊर्जा है। मुझे जो भी मिल रहा है, मैं उसे खुशी-खुशी कर रही हूं। वामिका गब्बी ने दीपिका पादुकोण की 8 घंटे की शिफ्ट की मांग पर कहा कि उनके सिर पर कोई जिम्मेदारी नहीं है, जिससे वह काम कर पाती हैं। वह अपने करियर के इस पड़ाव पर अपने और अपने प्रियजनों के लिए कमाई करके खुश हैं। उन्होंने कहा मैं इस पड़ाव पर ऐसा कर सकती हूं क्योंकि मैं आजाद हूं और मुझ पर कोई पारिवारिक जिम्मेदारी नहीं है।

वामिका गब्बी ने याद किया कि कैसे कभी-कभी निजी कारणों से शूटिंग रद्द हो जाती है। उन्होंने कहा कुछ सेट मानवीय कहानियां बताते हैं। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा भी था जब उन्हें बिना वैनिटी वैन के जंगल में शूटिंग करने के लिए कहा गया था और वह सहमत हो गईं क्योंकि इससे उन्हें एक अभिनेत्री के रूप में तरक्की मिलेगी।

# तारा सुतारिया संग नजर आए रैपर एपी ढिल्लों



एपी ढिल्लों एक इंडियन-कैनेडियन सिंगर, रैपर हैं। इस सिंगर के पंजाबी गानों को खूब पसंद किया जाता है। एपी के कॉन्सर्ट में भी फैंस बड़ी संख्या में नजर आते हैं। हाल ही में इसी सिंगर को एक बॉलीवुड एक्ट्रेस के साथ देखा गया। दोनों को जब पैपराजी ने कैमरे में कैद करने की कोशिश की तो ये थोड़ा कॉन्शस हो गए। वायरल वीडियो में एपी ढिल्लों एक्ट्रेस तारा सुतारिया के साथ नजर आ रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि दोनों किसी रेस्टोरेंट से बाहर निकल रहे हैं। जब पैपराजी ने तारा और एपी ढिल्लों की तस्वीरें लेनी चाहिए तो दोनों थोड़ा कॉन्शस हो गए। एपी ढिल्लों आगे वीडियो में तारा को कार तक लेकर जाते हैं। वह भी उसी कार में बैठ जाते हैं। तारा सुतारिया और एपी ढिल्लों के बीच इस वीडियो में अलग तरह की केमिस्ट्री दिखी। जिस जगह पर ये दोनों थे, वहां बारिश हो रही थी ऐसे में तारा को एपी ढिल्लों बारिश से बचाते दिखे। इस बात को यूजर्स ने भी गौर किया। यूजर ने भी इस वीडियो को खूब लाइक भी किया है।

## तारा सुतारिया का करियर फ्रंट

'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2' से करियर शुरू करने वाली तारा सुतारिया कई हिंदी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। अगले साल वह 'केजीएफ' स्टार यश की फिल्म 'टॉक्सिक' में नजर आएंगी।





# आजकल टेलिविजन में लोगों में काफी असंतोष, अच्छी स्क्रिप्ट मिले तो तुरंत हां कह दूंगी

टेलिविजन से लेकर वेब सीरीज और फिल्मों तक में अपनी एक्टिंग का जादू बिखेरती दिव्यांका त्रिपाठी दहिया आज एक ऐसा नाम हैं, जिन्हें दर्शकों ने सिर्फ पसंद ही नहीं किया बल्कि अपने दिल में जगह दी है। एक वक्त था, जब भोपाल की गलियों से निकलकर दूरदर्शन और रेडियो तक पहुंचने वाली इस लड़की ने सपनों की उड़ान भरी और मुंबई की चमक-धमक भरी दुनिया में अपनी सादगी और दमदार अभिनय से खास पहचान बनाई। माता-पिता की सीख और विश्वास को अपनी सबसे बड़ी ताकत मानने वाली दिव्यांका आज भी कहती हैं, 'अगर पैरेंट्स ने मुझे एक्सप्लोर नहीं कराया होता तो शायद मैं खुद को जान नहीं पाती।' हर रिश्ते में भरोसे और फ्रीडम की बात करने वाली दिव्यांका, इंडस्ट्री में महिला-केंद्रित कहानियों की कमी को लेकर थोड़ा उदास हैं।

## पैरेंट्स ने हर हुनर को निखारने का मौका दिया

मुझे लगता है कि मेरी जिंदगी में सबसे बड़ा सपोर्ट सिस्टम मेरे माता-पिता रहे हैं। अगर वे मेरे हुनर को पहचान नहीं पाते तो शायद मैं यहां तक नहीं पहुंचती। उन्होंने मुझे सिर्फ एक दिशा में ढालने की कोशिश नहीं की बल्कि मुझे अलग-अलग विधाओं से रूबरू कराया। मैंने कुछ साल भरतनाट्यम सीखा, भोपाल के बड़े तालाब में वॉटर स्कीइंग की, लाल परेड ग्राउंड में पुलिस के घोड़ों के साथ हॉर्स राइडिंग की, एनसीसी, माउंटनियरिंग की ट्रेनिंग ली, ड्रॉइंग और स्कैचिंग भी सीखी। हालांकि, माता-पिता ने मेरा रुझान पहचाना और मुझे लगातार प्रोत्साहित किया। मैं सबसे यही कहना चाहती हूं कि बच्चों को सिर्फ वही न सिखाएं जो आपको पसंद है। उन्हें हर चीज आजमाने दें।

## हर रिश्ते में फ्रीडम और भरोसा होना जरूरी है

दिव्यांका त्रिपाठी ने कहा, चाहे बात माता-पिता की हो, पति-पत्नी की या दोस्तों और रिश्तेदारों की, हर रिश्ते में स्पेस और फ्रीडम बेहद जरूरी होती है। सामने वाले की इच्छाओं का सम्मान करना और उस पर भरोसा जताना, रिश्ते को मजबूती देता है। अगर कोई उड़ना चाहता है, तो उसे उड़ने दीजिए। बीच में कोई व्यवधान मत डालिए। अगर हर रिश्ते में इस तरह की फ्रीडम होती है तो उड़ना आसान हो जाता है। अगर वो गिर भी जाए तो सपोर्ट सिस्टम एक गद्दे की तरह काम करता है, जो उसे चोट खाने से बचा लेता है। यही रिश्तों की असल ताकत है, प्रोत्साहन और विश्वास।

## टीवी ने दिया महिलाओं की ताकत दिखाने का मौका

दिव्यांका बोलीं, पता नहीं क्या वजह है कि फिल्मवाले लड़कियों के लिए ज्यादा फिल्में बनाते नहीं हैं। यह कहने में कोई संकोच नहीं कि फिल्म इंडस्ट्री में महिला केंद्रित कहानियों की भारी कमी है। मुझे हमेशा ऐसे प्रोजेक्ट पसंद आए हैं, जिनमें महिलाओं की दुनिया और उनकी ताकत को दिखाया गया हो। ये मौका मुझे सबसे ज्यादा टीवी ने दिया। बहुत खुशनसीब हूं कि टीवी का जो पीक था, उस समय थी और जब वो पीक खत्म हुआ, तब तक मैं रही हूं। 2019 में मेरा लास्ट शो था। फिर मैंने वेब सीरीज वगैरह शुरू कीं। हालांकि, तब से लेकर अब तक मैंने ज्यादा प्रोजेक्ट्स नहीं देखे, जो मेरे पास महिलाओं का दमदार किरदार लेकर आए हों। जो बनते भी हैं, वो कुछ खास लोगों तक ही सीमित रह जाते हैं। जब लोग पूछते हैं कि आजकल कुछ क्यों नहीं कर रही हूं तो मैं कहती हूं कि पहले जाकर देखिए, मैंने क्या काम किया है।

## आज भी टीवी से उतना ही प्यार करती हूं

दिव्यांका बोलीं, आजकल टेलिविजन में राइटिंग को लेकर लोगों में काफी असंतोष है और यह सही भी है। हां, टीवी काफी हद तक फॉर्म्युला-ड्रिवन हो गया है, लेकिन इसका दोष अकेले टीवी को देना ठीक नहीं। यह ट्रांजिशन का दौर है, जो पूरी इंडस्ट्री को प्रभावित कर रहा है, चाहे वो वेब सीरीज हों या फिल्में। सभी अनिश्चितता के दौर से गुजर रहे हैं। हर कोई बड़ा जोखिम लेने से डर रहा है। हालांकि, यह ईमानदारी से कहना चाहूंगी कि मैं आज भी टीवी से उतना ही प्यार करती हूं, जितना पहले करती थी। अगर कोई अच्छी स्क्रिप्ट या शो मिले तो मैं तुरंत उसके लिए हां कह दूंगी क्योंकि टीवी पर ऐक्टर को बहुत कुछ एक्सप्लोर करने का मौका मिलता।

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा एजीएस पब्लिकेशंस एफ 23, सेक्टर 6, गौतम बुध नगर, उत्तर प्रदेश 201301 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर, पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 244242 से प्रकाशित।
संपादक- अनुज कुमार, R.N.I.No.- UPHIN/25/RAA18, मो0.945688 4327, E-mail- officialsabkasapna@gmail.com, www.sabkasapna.com नोट- समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।